आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, शुक्रवार 9 अप्रैल 2021, कृष्ण पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-62 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

अजब महाराष्ट्र की गजब कहानी है। एक ओर तो ठाकरे सरकार को कोरोना से जंग लड़नी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर उसे कोरोना वायरस से भी ज्यादा खतरनाक भ्रष्टाचारियों का बचाव करने की कठिन जिम्मेदारी भी निभानी पड़ रही है। दोनों की काम में वह फिसड्डी सिद्ध हो रही है। न तो महाराष्ट्र में कोरोना की रफ्तार पर अंकुश लग रहा है और न ही वह भ्रष्ट नेताओं के चेहरे पर नकाब डालने में कामयाब हो पा रही है। वसूलीजीवी पुलिसिए सचिन वाजे ने पत्र बम फोड़ कर और तीन नेताओं की पोल खोलकर रख दी है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन के आरोप पर छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मंत्री ने किया पलटवार

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जनता को गुमराह ना करे: सिंहदेव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्ष वर्धन द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार पर को-वेक्सीन का उपयोग करने से इंकार किये जाने का लगाए आरोप पर पलटवार किया है। श्री सिंहदेव ने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को छग की जनता को गुमराह नहीं करना चाहिए।

श्री सिंहदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 10 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को वैक्सीन दी जा चुकी है जो कि राष्ट्रीय कवरेज से काफी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि एक दिन में 03 लाख लोगों को, राज्य की 01 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या को वैक्सीन दी गई है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को छग की जनता को गुमराह नहीं करना चाहिए।

ज्ञात हो कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्षवर्धन ने ट्वीट कर कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने डीसीजीआई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य में वैक्सीन की 34 लाख 36 हजार से अधिक डोज दी जा चुकी

45 वर्ष से अधिक आयु समूह के 25 लाख 25 हजार से अधिक को पहली डोज दी गई

राज्य में 7 अप्रैल तक की स्थिति में कोविड-19 वैक्सीन की 34 लाख 36 हजार 330 डोज दी जा चुकी है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 295309 हेल्थ केयर वर्कर को पहली डोज और 192343 को दूसरी डोज, 242150 फ्रंट लाइन वर्कर को पहली डोज और 131826 को दूसरी डोज दी गई है। इसी प्रकार 45 वर्ष से अधिक आयु समूह के 25 लाख 25 हजार 833 लोगों को पहली डोज और 48869 को दूसरी डोज दी गई है।

मुख्यमंत्री बघेल ने वैक्सिनेशन की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष निर्धारित करने किया अनुरोध

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अनुरोध किया है कि वैक्सिनेशन की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष निर्धारित की जाए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने ट्वीट कर श्री मोदी से कहा है कि अब जबकि कोरोना का संक्रमण बढ़ रहा है, तो हमेशा की तरह भविष्य में आने वाली चुनौतियों के प्रबंधन हेतु हमारे युवा देश की युवा पीढ़ी तैयार रहे, ऐसा हम सब सोचते हैं। इसलिए आवश्यक है कि वैक्सिनेशन की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष निर्धारित की जाए।

संक्रमितों की पहचान के लिए प्रदेश में पिछले एक सप्ताह में 2.73 लाख से अधिक सैंपलों की जांच

6 अप्रैल को 47,973 और 7 अप्रैल को 42,289 सैंपलों की जांच

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए पिछले एक सप्ताह (1 अप्रैल से 7 अप्रैल) में दो लाख 73 हजार 033 सैंपलों की जांच की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव के निर्देश पर प्रदेश में रोजाना अधिक से अधिक सैंपलों की जांच की जा रही है।

एक सप्ताह में इतने सैंपलों की जांच

बीते सप्ताह के दौरान 1 अप्रैल को 40 हजार 857 सैंपल, 2 अप्रैल को 37 हजार 075 सैंपल, 3 अप्रैल को 40 हजार 875 सैंपल, 4 अप्रैल को 26 हजार 911 सैंपल, 5 अप्रैल को 40 हजार 053 सैंपल, 6 अप्रैल को 47 हजार 973 सैंपल और 7 अप्रैल को 42 हजार 289 सैंपल की जांच की गई है।

इन जिलों में हो रही आरटीपीसीआर जांच

प्रदेश में एम्स रायपुर और छह अन्य शासकीय मेडिकल कॉलेजों बिलासपुर, जगदलपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, अंबिकापुर तथा रायपुर की वायरोलॉजी लैब में सैंपलों की आरटीपीसीआर जांच की जा रही है। आरटीपीसीआर जांच की संख्या बढ़ाने महासमुंद, कोरबा, कांकेर और कोरिया में वायरोलॉजी लैब की स्थापना का काम प्रगति पर है। शीघ्र ही इन चारों नए लैब में भी आरटीपीसीआर जांच शुरू हो जाएगी।

31 लैबों में वायरस की जांच

विभिन्न जिलों में स्थापित 31 ट्रू-नाट लैबों में भी कोरोना वायरस की जांच की जा रही है। प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा लगभग सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रैपिड एंटीजन किट से कोविड-19 की जांच की जा रही है।

खास-खबर

फिल्ममेकर संतोष गुप्ता की पत्नी और बेटी की जलकर मौत

नई दिल्ली। बॉलीवुड से शॉकिंग खबर है। फिल्ममेकर संतोष गुप्ता की पत्नी अस्मिता गुप्ता और बेटी सृष्टि गुप्ता की जलकर मौत हो गई। रिपोर्ट्स हैं कि उन्होंने खुद को आग लगाकर जान दी है। बताया जा रहा है कि ये घटना सोमवार दोपहर की है। पड़ोसियों को जब आग लगने की खबर हुई तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इसके बाद अस्मिता और सृष्टि की आत्महत्या के कयास लगाए जाने लगे। वहीं आग घटना के तुरंत बाद दोनों को फौरन अस्पताल ले जाया गया लेकिन बचाया नहीं जा सका।

एमपी में छत्तीसगढ़ से आने-जाने वाले बसों का संचालन 15 अप्रैल तक बंद

रायपुर/ नवप्रदेश। कोरोना वायरस (कोविड-19) के व्यापक संक्रमण पर प्रभावी रोकथाम हेतु परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर के आदेश 7 अप्रैल 2021 द्वारा मध्यप्रदेश राज्य में छत्तीसगढ़ से जाने वाले तथा आने वाले बसों का संचालन 7 अप्रैल 2021 से 15 अप्रैल 2021 तक की अवधि के लिए स्थगित किया गया है। परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य से मध्यप्रदेश राज्य की सीमा में प्रवेश करने वाले अंतर्राज्यीय अनुज्ञाओं एवं अखिल भारतीय परमिट अनुज्ञाओं से आच्छदित ऐसे समस्त यात्री बस का संचालन उक्त अवधि हेतु तत्काल प्रभाव से स्थगित किया गया है। साथ ही मध्यप्रदेश की सीमा से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने वाले उपरोक्तानुसार अनुज्ञाओं पर आच्छादित समस्त वाहनों का प्रवेश स्थगित किया गया है।

कब्जे से मुक्त हुए कोबरा कमांडर राकेश्वर सिंह

■ हमले के बाद जवान को नक्सीलयों ने कब्जे में लिया

बीजापुर/रायपुर। सीआरपीएफ की कोबरा यूनिट के कमांडर राकेश्वर सिंह को नक्सलियों ने रिहा कर दिया है। रिहाई के बाद उन्हें बीजापुर के सीआरपीएफ कैंप में वापस लाया गया है। माओवादियों ने बीते शनिवार को छत्तीसगढ़ के सुकमा में हमले के बाद उन्हें अगवा कर लिया था। इस हमले में 22 जवान शहीद हो गए थे, जबकि 31 घायल थे। राकेश्वर सिंह की रिहाई के बाद परिवार में जश्न का माहौल है। राकेश्वर सिंह की पत्नी ने भगवान और सरकार को शुक्रिया है। अभी यह जानकारी नहीं मिली है कि सीआरपीएफ कमांडर की रिहाई किस तरह मुमकिन हुई है।

राज्य के सुकमा और बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान में शुक्रवार को सुरक्षा बलों को रवाना किया गया था।

इस अभियान में जवान राकेश्वर सिंह भी शामिल थे। शनिवार को टेकलगुड़ा और जोनागुड़ा गांव के करीब सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों के 22 जवानों की मृत्यु हो गई तथा 31 अन्य जवान घायल हो गए। वहीं आरक्षक राकेश्वर सिंह लापता हो गए। शहीद जवानों में सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के सात जवान, सीआरपीएफ के बस्तरिया बटालियन का एक जवान, डीआरजी के आठ जवान और एसटीएफ के छह जवान शामिल हैं।

घर में लौटी खुशी

जम्मू में कोबरा कमांडर के घर में नाच-गाने के बीच उनकी पत्नी मीनू ने कहा कि उन्हें आधिकारिक रूप से सूचित किया गया है कि उनके पति सुरक्षित रूप से वापस आ गए हैं। उनका स्वास्थ्य अच्छा है।'' उन्होंने इसे अपनी जिंदगी का सबसे अधिक खुशी वाला दिन बताते हुए कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद थी कि पति सकुशल घर वापस आएंगे। नक्सिलयों ने जवान की रिहाई के लिए सरकार से मध्यस्थ नियुक्त करने की मांग की थी। नक्सलियों ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा था कि 3 अप्रैल को सुरक्षा बल के दो हजार जवान हमला करने जीरागुडेम गांव के पास पहुंचे थे, इसे रोकने के लिए पीएलजीए ने हमला किया है। नक्सलियों ने कहा था कि सरकार पहले मध्यस्थों के नाम की घोषणा करे इसके बाद बंदी जवान को सौंप दिया जाएगा, तब तक वह जनताना सरकार की सुरक्षा में रहेगा।

प्रधानमंत्री ने ली कोरोना टीके की दूसरी खुराक, लोगों से की अपील

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार सुबह दिल्ली के एम्स अस्पताल में कोरोना टीके की दूसरी खुराक ली। उन्होंने बीती 1 मार्च को कोरोना टीके की पहली डोज ली थी। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत बायोटेक का बनाया कोरोना टीका लगवाया है। टीके की दूसरी खुराक लेने के बाद पीएम मोदी ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि वे को-विन ऐप पर पंजीकरण करवाकर टीका लें क्योंकि टीकाकरण ही उन चुनिंदा रास्तों में से एक है, जिसके जरिए वायरस को हराया जा सकता है। खबरों के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी को कोविड टीके की दूसरी खुराक पंजाब की नर्स निशा शर्मा ने दी। हालांकि इस दौरान उनके साथ पुडुचेरी की नर्स पी. निवेदा भी मौजूद थीं।

नर्स ने कहा- पीएम मोदी को टीका देना यादगार लम्हा

पीएम नरेंद्र मोदी को आज पंजाब की नर्स निशा शर्मा ने कोरोना टीके की दूसरी डोज दी। उनके साथ पुडुचेरी की नर्स पी. निवेदा भी थीं, जिन्होंने पीएम मोदी को टीके की पहली खुराक दी थी। टीका दिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर मुख्यमंत्रियों के साथ की बैठक

माइक्रो कंटेनमेंट जोन पर ध्यान दें राज्य : मोदी

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। इस बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के अलावा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए हैं। इस बैठक में पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों से कंटेनमेंट जोन पर ध्यान देने की बात कही है। बता दें कि महाराष्ट्र सरकार ने कोरोना वायरस वैक्सीन की कमी की बात कही है।

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने कहा कि उनके राज्य में केवल तीन दिन के लिए वैक्सीन बची हुई है जबकि कुछ सेंटरों पर तो टीका खत्म होने की कगार पर खड़ा हो गया है। यूं तो भारत में कोरोना की रफ्तार थामने के लिए टीकाकरण में तेजी लाई जा रही है, लेकिन इसके बावजूद कोरोना वायरस पर लगाम नहीं कस पा रही। बेकाबू होते हालात को देखते हुए कई राज्यों ने स्थिति के अनुरूप प्रतिबंधों का ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों में नाइट कर्फ्यू लगाए जा रहे हैं तो वहीं छत्तीसगढ़ के कुछ शहरों में पूर्ण लॉकडाउन की घोषणा की गई है।

अभी संपूर्ण लॉकडाउन की जरूरत नहीं

वहीं, वैक्सीन को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि हमें पूरे देश को ध्यान में रखकर ही मैनेजमेंट करना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि अभी संपूर्ण लॉकडाउन की जरूरत नहीं है। फिलहाल नाइट कर्फ्यू की काफी है। टेस्ट, ट्रैक और ट्रीट पर ध्यान दें। हमें वैक्सीनेशन केंद्रों की संख्या बढ़ानी हैं तो उसको बढ़ाएं।

कंटेनमेंट जोन में हर व्यक्ति की जांच हो

मुख्यमंत्रियों से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना के टेस्ट सही ढंग से किए जाए। पीएम मोदी ने कहा कि केस बढ़ने की वजह से राज्य दबाव में न आएं। कंटेनमेंट जोन में हर व्यक्ति की जांच हो।

नौजवानों से अपील: नौजवनों से अपील करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना को जो प्रोटोकॉल हैं, अगर मेरे देश के नौजवान इसको ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संक्रमण को रोकने के लिए लॉकडाउन जैसे उपाय हैं अंतिम विकल्प: शिवराज

भोपाल/नई दिल्ली। पूरे देश में कोरोना का कहर बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच देश के अलग-अलग हिस्सों से लगातार कोरोना के बढ़ते मामले सामने आ रहे हैं, ऐसी परिस्थिति राज्य सरकारों के लिए चिंता का सबब बन रही है।

इस बीच मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए लॉकडाउन जैसे उपाय अंतिम विकल्प हैं। हालांकि संक्रमण को रोकने और मरीजों के इलाज के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का कार्य निरंतर जारी है।

सभी शहरों में लगा दिया गया है वीकेंड लॉकडाउन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज स्मार्ट पार्क में पौधरोपण के बाद मीडिया के प्रतिनिधियों से बात करते हुए कहा कि बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए प्रदेश के सभी शहरों में शुक्रवार शाम 6 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक लॉकडाउन करना आवश्यक हो रहा है। इस संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। सभी जिलों के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप को बैठक कर अपने जिलों के पेशेंट लोड और परिस्थितियों को देखते हुए आवश्यक और उपयुक्त निर्णय करने के लिए तत्काल बैठकें आयोजित करने का निर्देश भी दिया गया है। कोरोना संक्रमण की स्थिति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुनवाई | **सुप्रीम कोर्ट में खारिज हुई अनिल देशमुख की याचिका, जारी रहेगी सीबीआई जांच**

जज बोले-आपके राईट हैंड ने लगाए आरोप

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार और प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख द्वारा मुंबई हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। आपको बता दें कि हाईकोर्ट ने मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की सीबीआई जांच का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि महाराष्ट्र सरकार के उच्च अधिकारी मामले में शामिल हैं, इसलिए मामला गंभीर हो जाता है।

अदालत में सुनवाई के दौरान अनिल देशमुख के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि परमबीर सिंह एक पुलिस अधिकारी हैं, इसलिए उनकी कही बात को सबूत नहीं माना जा सकता। उनके पुलिस अधिकारी होने की वजह से उनके शब्द सबूत नहीं बन जाते।

आपको बता दें कि सीएम उद्धव ठाकरे को लिखी चिट्ठी में मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर ने अनिल देशमुख पर 100 करोड़ रुपये उगाही कराने का आरोप लगाया था। इसी मामले में पिछले दिनों बॉम्बे हाई कोर्ट ने अनिल देशमुख के खिलाफ सीबीआई को प्रारंभिक जांच के आदेश दिए थे। इस आदेश के बाद ही अनिल देशमुख ने गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था।

आपको यह भी बता दें कि यह सारा मामले देश के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के बाह विस्फोटकों से लदी स्कॉर्पियो मिलने के बाद सामने आया है। इस मामले में मुंबई पुलिस के एक अधिकारी सचिन वाझे को एनआईए ने गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ जारी है। मुंबई पुलिस के पूर्व पुलिस कमिश्नर ने अनिल देखमुख पर यह आरोप लगाकर सनसनी फैला दी थी कि उन्होंने सचिन वाझे को 100 करोड़ रुपए की उगाही का टारगेट दिया था।

परमबीर सिंह के खिलाफ भी होगी जांच

यही नहीं सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस कौल ने अनिल देशमुख की मांग को खारिज करते हुए कहा कि आपके ऊपर आरोप किसी दुश्मन ने नहीं लगाया है। अदालत ने कहा कि आपके ऊपर आरोप एक ऐसे शख्स ने लगाया है, जो आपका 'राइटहैंड' था। इसके साथ ही अदालत ने अनिल देशमुख के साथ ही मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह के खिलाफ भी जांच किए जाने की जरूरत बताई। आरोप गंभीर हैं, गृह मंत्री और पुलिस आयुक्त शामिल हैं। वे एक साथ काम कर रहे हैं जब तक कि वे अलग नहीं हो जाते, दोनों एक विशेष स्थिति में रहते हैं। क्या सीबीआई जांच नहीं होनी चाहिए? आरोप और इसमें शामलि व्यक्तियों को देखते हुए इसकी स्वतंत्र जांच की आवश्यकता है।

भारत पर साइबर हमला कर सकता है चीन? : रावत

नई दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत ने कहा कि चीन भारत के खिलाफ साइबर हमले शुरू करने में सक्षम है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जब तकनीक की बात आती है तो दोनों देशों के बीच क्षमता का अंतर है। दिल्ली स्थित विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही है। उन्होंने भी कहा कि भारत के नेतृत्व ने अपनी सुरक्षा और गरिमा पर अकारण हमला करने की स्थिति में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हितों को बनाए रखने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प प्रदर्शित किया है। उनकी इस टिप्पणियों को पूर्वी लद्दाख में एलएसी के हालिया घटनाक्रम से जोड़कर देखा जाता है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच साइबर डोमेन के क्षेत्र में बड़ा अंतर है। पड़ोसी देश नई तकनीकों पर बड़े पैमाने पर धन का निवेश करने में सक्षम हो गया है। जनरल रावत ने कहा कि दोनों देशों के बीच ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

लॉकडाउन के तीसरे दिन भी नगर में हलचल रही बंद, टोल प्लाजा में ई पास की जांच करती रही पुलिस

कुम्हारी (नव प्रदेश)। लॉकडाउन के तीसरे दिन भी नगर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। दुकानें बन्द रहीं लोग सड़कों पर दिखाई नहीं दिए। मेडिकल स्टोर को छोड़कर शेष दुकाने पूरी तरह से बंद रही। इधर रायपुर से आने वाली गाड़ियों के ई पास की सख्ती से जांच की गई इसमें कई लोगों के पास, ई पास नही होने की वजह से उन्हें टोल प्लाजा से ही वापस कर दिया गया। कुम्हारी थाना प्रभारी आशीष यादव अपनी टीम के साथ ई पास की जांच कर रहे थे साथ ही एडीएम ऋचा मिश्रा, एएसपी संजय धृब एवं सीएसपी विश्वास चंद्राकर (छावनी), स्वयं भी दल बल के साथ मौके पर मौजूद थे। पटवारी भारवि मिश्रा एवं आर आई राजेश शर्मा भी स्वयं लोगों से ई पास की जानकारी ले रहे थे। गौरतलब है कि शाम होते ही रायपुर से भिलाई दुर्ग काम पर आने जाने वालों का रेला लगा रहता है। जानकारी के बावजूद लोग ई पास लेकर नही चलते जिनपर कार्यवाही भी की गई।

सेल-सेट, भिलाई में हिंदी समिति का पुनर्गठन, अनुराग उपाध्याय बने अध्यक्ष

भिलाई (नव प्रदेश)। भारत सरकार गृह-मंत्रालय राजभाषा विभाग के अनुदेशों का अनुपालन करने हेतु स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के तकनीकि सलाहकार संस्थान एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) भिलाई-दुर्ग के सम्मानीय सदस्य संस्थान सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सी.ई.टी.) भिलाई उप केंद्र में अपने कार्यालय में हिंदी कार्यों को गति प्रदान करने हेतु सेट भिलाई के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी श्री अनुराग उपाध्याय जी के मार्गदर्शन में हिंदी समिति का पुनर्गठन किया गया। यह समिति सेट भिलाई उप केंद्र में वार्षिक हिंदी कार्ययोजना का क्रियान्वयन करेगी। साथ ही हिंदी में कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहित कर उनके कार्यों में सहयोग एवं सुझाव प्रदान करेगा। समिति राजभाषा संबंधित अन्य कार्यालयीन कार्यों एवं नराकास विषयांतर्गत कार्य को गति प्रदान करेगी। हिंदी समिति के सदस्य इस प्रकार है- अध्यक्ष श्री अनुराग उपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी,सौरभ कुमार राजा, महाप्रबंधक सदस्य,आशीष शुक्ला सदस्य, पुनीत चैबे सदस्य,पारमिता महान्ति, राजभाषा समन्वय अधिकारी,दयानंद साहू , हिंदी अधिकारी, निवेश तिवारी, प्रेमालता मोहन सदस्य तथा मोहन उमरे, सदस्य जिसे हिंदी तिमाही प्रगति प्रतिवेदन का प्रेषण, प्रत्येक तिमाही में हिंदी समिति की बैठक आयोजित कर कार्यवृत्त तैयार करना साथ ही हिंदी कार्यशाला व प्रतियोगिता आयोजित करने में सक्रीय सहयोग करने की जिम्मेदारी दी गई है।

कोविड इलाज कर रहे प्रायवेट हास्पिटल में समन्वय के लिए इन नोडल अधिकारियों से कर सकते हैं संपर्क

दुर्ग (नव प्रदेश)। कोविड इलाज कर रहे प्रायवेट हास्पिटल में इन नोडल अधिकारियो से संपर्क कर सकते हैं। बी.एस.आर. सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल जुनवानी के लिए जिला खनिज अधिकारी किशोर गोलघाटे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जिनका मोबाइल नं. 9111710000 है। इसी प्रकारी मित्तल हॉस्पिटल जुनवानी के लिए उपसंचालक उद्यानिकी श्री सुरेश ठाकुर, मोबाइल नंबर 9425597714, आई.एम.आई हॉस्पिटल खुर्सीपार के लिए उप संचालक समाज कल्याण श्री दोनर सिंह ठाकुर मोबाइल नंबर 7587842145, 8319215269 को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी सुपेला के लिए जिला योजना अधिकारी श्री डी.एस. वर्मा मोबाइल नंबर 9755986280 को, एस.आर. हॉस्पिटल चिखली के लिए जिला विपणन अधिकारी सचिन भौमिक मोबाइल नंबर 9907802233 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफमेडिकल साइंस के लिए महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विपिन जैन मोबाइल नंबर 6262470000 को, नवजीवन हॉस्पिटल चिखली के लिए बीज निगम प्रक्रिया प्रभारी श्री एस. के. बेहरा मोबाइल नंबर 9425243872 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार व्ही.वाई. हॉस्पिटल पद्मानाभपुर दुर्ग के लिए डॉ. अनिता सावंत क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण मोबाइल नंबर 9685095423 को, वर्धमान हास्पिटल स्टेशन रोड दुर्ग के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती प्रियंवदा रामटके मोबाइल नंबर 7898791489, 7999030059 को, स्टील सिटी हॉस्पिटल आदर्श नगर दुर्ग के लिए उप-संचालक जनशक्ति श्री आर.के. कुर्रे मोबाइल नंबर 9407610778, 9131235525 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। चंदूलाल चंद्राकर हॉस्पिटल नेहरू नगर दुर्ग और अमृत कलश हॉस्पिटल कादम्बरी नगर दुर्ग के लिए श्री कपिल सिंह कुशवाह, प्रबंधक जिला व्यापर एवं उद्योग केंद्र मोबाइल नंबर 7000615954 है।इसी प्रकार सनशाइन हॉस्पिटल भिलाई-3 के लिए श्री एस. के .पटेल कार्यपालन मुख्य अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना दुर्ग मोबाइल नंबर 9424225338, 8085784338 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।इसी प्रकार सुविधा हॉस्पिटल खेदेमारा जामुल और जीवनदायिनी हॉस्पिटल खेदेमारा जामुल के लिए श्री श्याम लाल दास मुख्य कार्यपालन, अधिकारी जिला अन्तव्यसायी दुर्ग मोबाइल नंबर 9893825047 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, ए यू एम हॉस्पिटल मालवीय नगर दुर्ग लिए श्री सचिन भौमिक, जिला विपणन अधिकारी, 9907802233 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। भिलाई नर्सिंग होम मौर्या टॉकीज के पास के लिए श्री के.के.द्विवेदी उपसंचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, मोबाइल नंबर 942555730 को नियुक्त किया गया है।

निधन-दिनेश सिंह

भिलाई नगर (नव प्रदेश)।शहर के युवा व्यवसायी सिंह रोडवेज खुर्सीपार के संचालक चन्द्रलोक नगर हाईटेक अस्पताल के पीछे निवासरत दिनेश सिंह 53 साल का 4 अप्रैल को चेन्नई पहुंचने से पूर्व एयरएम्बुलेंस मे निधन हो गया। उनका श्री नारायणना अस्पताल पंडरी रायपुर मे इलाज चल रहा था। तबीयत बिगडने पर एयर एम्बुलेंस से चेन्नई ले जाते समय मौत हो गई परिजनो ने दिल का दौरा पडने से मौत होना बताया है। स्व. दिनेश सिंह का अंतिम संस्कार 9 अप्रैल शुक्रवार को दोपहर 1 बजे रामनगर मुक्तिधाम मे किया जायेगा। इस आशय की जानकारी उनके बडे भाई उमेश सिंह ने दी है।

निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

लाकडाउन के दौरान दुर्ग निगम जरूरतमंदों को पहुंचा रहा भोजन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आयुक्त हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा कोविड-19 सेंटरों के अलावा जरूरतमंद, असहाय गरीब लोगों को भोजन दिया जा रहा है । आयुक्त श्री मंडावी द्वारा ऐसे गरीब असहाय लोगों को भोजन वितरण करने दुर्ग निगम के सभी इंजीनियर स्टॉप और सफाई सुपरवाइजर को जिम्मेदारी दी है । सहायक अभियंता जितेंद्र समैया को इस कार्य का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है ।

आयुक्त मंडावी ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति जो जरूरतमंद है लॉकडाउन के दौरान भूखा न रहे । गरीब और जरूरतमंदों तक राहत सामग्री, भोजन अवश्य पहुंचायें । जिसका पालन करते हुए सहायक अभियंता जितेन्द्र समैया के निर्देशन में भोजन पैकेट का प्रतिदिन की आवश्यकता की जानकारी अधिकारियों से लेते हुए उस आवश्यकता के आधार पर पैकेट की व्यवस्था की जा रही है । लॉक डाउन के दौरान भूखे, असहाय, गरीब, मजदूर, विक्षिप्त, बेसहारा जिनके पास खाने के लिए भोजन नहीं है या वह भोजन बनाने आदि में असहाय हैं ऐसे लोगों तक पका भोजन पहुंचाने का कार्य निगम प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी कर रहे हैं।

7 अप्रैल से कोविड-19 केन्द्र सहित लगभग 300 भोजन पैकेट वितरण किया गया

आयुक्त मंडावी के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी सहित कर्मचारियों द्वारा 7 अप्रैल से जिला अस्पताल कोवेट सेंटर आजाद हॉस्टल में कोरोना संक्रमण पर काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के साथ शहर के चौक चौराहों फुटपाथ में रहने वाले गरीब असहाय लोगों को भोजन का पैकेट उपलब्ध कराया जा रहा है ।। आयुक्त ने बताया जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के बाद ऐसे में कई जरूरतमंदों के पास भोजन की समस्या खड़ी हो गई है। रोज काम कर खाने वाले लोग भोजन की व्यवस्था नहीं कर पाते हैं ऐसे लोगों के लिए यह पहल की है । भोजन वितरण में नोडल अधिकारी की सहायता के लिए सभी वार्ड इंजिनियरों, सफाई सुपरवाइजरों, सहायक राजस्व निरीक्षक कोमल यादव, को जिम्मेदारी दी गई है।

लॉकडाउन में बाड़ी से सब्जी लाते युवक को भरना पड़ा जुर्माना

■ आयुक्त हरीश मंडावी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ शहर के वार्ड और मोहल्ले में की मानिटरिंग

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कमिश्नर हरेश मंडावी,एसडीएम विनय पोयाम,तहसीलदार पार्वती पटेल ने अमला के साथ लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराने शहर में भ्रमण किया । उन्होंने धमधा रोड, शक्ति नगर, जवाहर नगर, आदित्य नगर,रायपुर नाका, मालवीय नगर, दीपक नगर, पटेल चौक, इंदिरा मार्केट शनिचरी बाजार, तकिया पारा क्षेत्र गली, चंडी चौक में उमेश कुमार नामक व्यक्ति कोल्ड ड्रिंक लेकर जा रहा था वही चौक में ही इरफान नामक व्यक्ति मोहलाई से सब्जी लेकर शहर आरा दोनों को आयुक्त ने रोककर लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन किए जाने पर 500-- ?500 जुर्माना किए साथ ही चेतावनी दिए कि दोबारा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने कहा सामग्री विक्रय करते भाई जाने पर भी कार्यवाही कीजाएगी । आयुक्त श्री मंडावी ने नया पारा,बघेरा क्षेत्र,स्टेशन रोड, ग्रीन चौक समेत अन्य क्षेत्रों में घूम-घूम कर स्थिति का जायजा लिये । शंकर नगर, इंद्रिरा मार्केट क्षेत्र में 50 लोग बाहर घूमते नजर आए । उन्होंने उन्हें रोककर घर से बाहर निकलने की वजह पूछे एवं पूछताछ के बाद वापस घर भेजा। उन्होंने सभी को लॉक डाउन का कड़ाई से पालन करने कहा । कोविड से संबंधित लक्षण दिखाई देने पर अपना कोरोना जांच जरूर कराएं । शहर भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, प्रकाशधर दीवान, ईश्वर वर्मा,भुवन लाल साहू, शशिकांत यादव, निशांत यादव, लव कुश, शौयब अहमद, विनित वर्मा, साकेत धनकर, एव दुर्ग थाना पुलिस बल निगम अमला मौजूद थे।।

सभी चेकपोस्ट पर अधिक सघनता से होगी चेकिंग

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में बढ़ रहे कोरोना के प्रभाव को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास जारी है। इससे निपटने के लिए अब तक किये जा रहे प्रभावी प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने यह बात कोरोना नियंत्रण को लेकर आयोजित बैठक में कही। उन्होंने जिले के सभी नगरीय निकाय और अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों सहित जनपद पंचायत के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली । अभी वर्तमान में 14 अप्रैल तक के लिए जिले में संपूर्ण लॉकडाउन किया गया है। जिसमें जिले की सीमा से अन्य जिलों या बाहर से आने वाले लोगों पर रोक लगाया गया है। जरूरी कार्य के आधार पर ई- पास जारी किए जा रहे हैं। सीमा के चेकपोस्ट लगातार सघन चेकिंग करें। निकाय क्षेत्र के साथ ही ऐसे ग्राम जहाँ कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, उन जगहों पर सैम्पलिंग बढ़ाने के निर्देश कलेक्टर ने दिये हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में 5 से अधिक मरीज मिलने पर सर्विलेंस करें।

बैठक में निकाय के अधिकारियों से मरीजों की संख्या, प्रतिदिन की टेस्टिंग संख्या और किये जा रहे वैक्सिनेशन की जानकारी भी ली। अधिकारियों से कहा कि टारगेट में रखे गए लोगों के वैक्सीनेशन का कार्य अगले 4 दिन में पूर्ण करें।

कंडरापारा सामुदायिक भवन सहित 2 स्थानों पर होगा वेक्सीनेशन

दुर्ग (नव प्रदेश)। आयुक्त हरेश मंडावी द्वारा कोवडि-19 के बचाव एवं कोरोना के बढ़ते संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण कराने की दिशा में तीन स्थानों पर नया कोरोना टीकाकरण केन्द्र खोलने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया है। इसके अंतर्गत अब कंडरापारा सामुदायिक भवन, रायपुरनाका प्रायमरी स्कूल और तितुरडीह स्कूल में हितग्राही कोरोना का टीका लगवा सकेगें । पूर्व के 23 स्थानों पर टीकाकरण की व्यवस्था की गई थी जहॉ टीकाकरण केन्द्र में लोग टीका लगाने नहीं पहुँच रहे हैं वहॉ के टीकाकरण केन्द्र को बंद कर दूसरे नये स्थानों पर टीकाकरण केन्द्र खोला जा रहा है। आयुक्त ने बताया शहर के 23 स्थानों पर कोरोना टीका लगाने टीकाकरण केन्द्र की स्थापना की गई है।

कोविड संक्रमण को लेकर विधायक ने ली स्वास्थ्य विभाग की बैठक

पाजिटिव मरीजों को कहीं भी भटकना ना पड़े-वोरा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के कारण जिले में 9 दिन के लिए लगाए गए सख्त लॉक डाउन के पहले दिन विधायक अरुण वोरा* ने सीएमएचओ डॉ गंभीर सिंह ठाकुर एव स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ कोविड संक्रमण की वर्तमान वस्तुस्थिति की समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लगातार कोविड पॉजिटिव मरीजों के परिजनों द्वारा अव्यवस्था की शिकायतें की जा रही है. भर्ती मरीजों की खोज खबर लेने की सुविधा नहीं है होम आइसोलेशन में रह रहे लोगों ने हेल्प लाइन नंबर नहीं उठाए जाने की शिकायत की है। जिले में कोरोना का संक्रमण अधिक है किंतु आम जनता के भटकाव की स्थिति नहीं होनी चाहिए. अधिक से अधिक आक्सीजन बेड, आईसीयू बेड एवं टेस्टिंग किट की व्यवस्था की जाए. आरटीपीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट आने में देरी से मरीजों की स्थिति बिगड़ रही है ज्यादा से ज्यादा रैपिड टेस्ट कराया जाए एवं लक्षण दिखते ही पॉजिटिव मान कर तत्काल उपचार शुरू किया जाए। महापौर धीरज बाकलीवाल ने आइसोलेशन बेड बढ़ाने एवं जिला चिकित्सालय को आइसोलेशन सेंटर के रूप में परिवर्तित करने का सुझाव दिया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 1 से 5 अप्रैल तक जिले में 18246 सैम्पल लिए गए थे जिसमें से 4981 की रिपोर्ट पॉजिटिव है और 2500 लोगों की रिपोर्ट आनी बाकी है. वर्तमान में निजी अस्पतालों में 252 आक्सीजन बेड, 217 आईसीयू सहित कुल 512 बिस्तर कोविड इलाज हेतु उपलब्ध हैं।

इसके अलावा शासकीय जिला अस्पताल, शंकराचार्य एवं कचंदुर मेडिकल कालेज में कोविड केअर सेंटरों में बिस्तरों की संख्या में वृद्धि की जा रही है. *इस दौरान कमिश्नर हरेश मंडावी,सिविल सर्जन पी बालकिशोर,डॉ अर्चना चौहान, पीयूली मजूमदार, सी बी एस बंजारे एल्डरमैन अंशुल पांडेय,सुमित वोरा, संदीप वोरा, आयुष शर्मा, गौरव उमरे मौजूद थे*. विधायक वोरा ने लॉक डाउन की स्थिति का जायजा लेने शहर का दौरा किया।

जरूरतमंदों को भोजन पहुंचाने बनाई गई हेल्पलाइन से लोगों को मिल रही मदद

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सुशीला की उम्र 90 साल हैं, इनकी बहु भी 60 साल की हैं। दुर्ग शहर में रहते हैं दोनों कोविड पाजिटिव हैं। बीमारी इतनी है कि उठ नहीं पा रहे। इन्होंने जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए बनाये गए हेल्पलाइन नंबर में फोन लगाया। नोडल अधिकारी ने उन्हें आश्वस्त किया कि दो लोगों का भोजन नियत समय पर मिल जाएगा। आशीष नगर में रहने वाले एक परिवार ने बताया कि वे लाकडाउन में धमतरी में फंस गए हैं। परिवार में बच्चे अकेले हैं इन्हें भोजन चाहिए। हेल्पलाइन नंबर में फोन आने के बाद टीम ने तत्परता से काम किया और इन लोगों तक भोजन पहुँचाया। जिले में संकट में फंसे लोगों के लिए यह हेल्पलाइन काफी कारगर साबित हो रही है। विभिन्न निगमों में इसके लिए अधिकारियों की टीम गठित की गई है। यह टीम नोडल अधिकारी द्वारा मिली जानकारी के आधार पर खाना पहुँचाने जाती है। कोविड की वजह से कई परिवारों में सभी सदस्य होम आइसोलेशन में हैं। इनमें से कुछ लोग काफी कमजोरी आ जाने की वजह से खाना भी नहीं बना पा रहे। ऐसे जरूरतमंद परिवारों के लिए मददगार साबित हो रही है। भिलाई में निगम द्वारा एवं अग्रसेन समाज के प्रतिनिधियों द्वारा निगम के माध्यम से फूड पैकेट्स बंटवाये गए। इसमें रेलवे स्टेशन आदि महत्वपूर्ण स्थलों में एवं अन्य जगहों पर जरूरतमंद लोगों को भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई।

आयुक्त ने अधिकारियों को दी जिम्मेदारी

दुर्ग (नव प्रदेश)। आयुक्त हरेश मंडावी द्वारा कोवडि-19 के बचाव एवं कोरोना के बढ़ते संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये निगम अधिकारियों को विशेष नोडल अधिकारियों नियुक्त किया गया है। नियुक्त नोडल अधिकारी अलग-अलग टीम का नेतृत्व करेगें । **अधिकारियों को दिये गये दायित्व-** आयुक्त श्री मंडावी ने नगर निगम दुर्ग के सुशील कुमार बाबर कार्यपालन अभियंता मोबाईल नंबर 9630699556 को शहर में स्थापित सभी टीकाकरण केन्द्रों की मॉनिटरिंग तथा व्यवस्था की जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा श्री मोहनपुरी गोस्वामी कार्यपालन अभियंता 9165353005 को शिवनाथ कोविड मुक्तिधाम का नोडल एवं शासकीय/प्राइवेट हॉस्पीटल तथा होम आईसोलेशन के मृत शरीर का परिवहन और निपटान का कार्य करेगें । नगर निगम दुर्ग के राजेश पाण्डेय प्र0 कार्यपालन अभियंता मो0- 9644303682 को जिला अस्पताल के कोविड सेंटर दुर्ग को संपूर्ण कार्य करेगें । इसी प्रकार श्री प्रकाशचंद थवानी प्र0 सहा0 अभियंता को0- 9425513574 को शंकराचार्य कोविड केयर हास्पीटल जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग की व्यवस्था तथा दुर्गेश गुप्ता स्वास्थ्य अधिकारी को उक्त सभी कार्य हेतु सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र//अ-20(3)/ वर्ष 2020 -21

आवेदिका श्रीमति विनीता गुप्ता पिता नरेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी मकान नं. 456 सड़क 1 सुभाष नगर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल शीट क्रमांक 74 प्लाट नं. 3/17 क्षेत्रफल 28 वर्गमीटर भूमि धारक श्रीमति निलिमा पति राममोहन सोनी निवासी स्टेशन पारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त नजूल भूखण्ड आवेदिका श्रीमति विनीता गुप्ता पति नरेन्द्र कुमार गुप्ता के पक्ष में पंजीकृत बैनामा दिनांक 05/01/2021 द्वारा विक्रय पत्र निष्पादित किया है। आवेदिका द्वारा उक्त विक्रय पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से धारक विक्रेता का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 12/5/21 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.3.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

पुरैना वासियों को मिलने लगा भरपूर पानी

गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का वार्डवासियों ने माना आभार

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। रिसाली निगम के अंतिम छोर के वार्ड पुरैना के रहवासियों को अब भरपूर पानी मिलने लगा है। वार्डवासियों की मांग पर स्थानीय विधायक व प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के पहल पर निगम द्वारा संधारण के तहत पाइप लाइन के लिकेज बंद कर दिए जाने के बाद यहां के तीनों वार्ड में लंबे समय से बनी पानी की दिक्कत दूर हो गई है। इसके लिए स्थानीय नागरिकों ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का आभार व्यक्त किया है।

अमृत मिशन योजना के तहत रिसाली निगम के वार्ड क्रमशः 39, 39 एवं 40 पुरैना में जलापूर्ति हेतु 12 सौ किलो लीटर क्षमता वाले उच्चस्तरीय टंकी का निर्माण कराया गया है। मोरिद जलाशय से इस टंकी को भरने के बाद पुरैना के तीनों वार्ड में पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति होने लगी है। प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के निर्देश पर रिसाली निगम द्वारा पाइप लाइन के लिकेज और अन्य खामियों को दूर कर लिया गया है। इसके साथ ही तीनों वार्ड की जनता को भरपूर पानी मिलने लगा है। गर्मी के मौसम में जरूरत के अनुरूप पानी मिलने पर पुरैना वासियों ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का आभार व्यक्त किया है।

गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के निर्देश पर निगम द्वारा पुरैना के मुक्तिधाम का जीर्णाद्धार कराया गया है। यहां पर शवदाह के लिए पर्याप्त शेड का निर्माण किया गया है। अंतिम संस्कार में आगन्तुकों के बैठने के लिए छायादार शेड निर्माण व पीने के पानी सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराया गया है।

निगम आयुक्त व नोडल अधिकारी पहुंचे पुरैना

बुधवार को निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे व निगम के नोडल अधिकारी रमाकांत साहू ने पुरैना विजिट कर पुरैना मुक्तिधाम, पाइप संधारण कार्य व अन्य विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने क्षेत्र के उपअभियंता अखिलेश गुप्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त व नोडल अधिकारी ने पुरैना के वैक्सीनेशन सेंटर का भी औचक निरीक्षण कर सेंटरों में की गई व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का अवलोकन किया।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूषण लाल आ. स्व. गुहरीराम निवासी डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 161, 162, 408, 419, 1375, 1392 रकबा 0.010, 0.050, 1.800, 0.160, 1.200, 0.170 हे. भूमि जो की आवेदक के पिता स्व. गुहरी राम के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु स्व. गुहरीराम की मृत्यु 22/11/20 एवं माता बुधनबाई 26/6/06 हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 20.04.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31.03.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूषण लाल आ. स्व. गुहरीराम निवासी (डुण्डेरा) डुमरडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम (डुण्डेरा) डुमरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 151 रकबा 2.160 हे. भूमि जो की आवेदक के पिता स्व. गुहरी राम के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु स्व. गुहरीराम की मृत्यु 27/11/20 एवं माता बुधनबाई 26/6/06 हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 20.04.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31.03.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

एम्स में कोविड रोगियों के लिए आईसीयू और आक्सीजन बैड की संख्या में होगी बढ़ोत्तरी

अपनों से बात के लिए कोविड रोगियों को वीडियो कॉलिंग की सुविधा प्रदान करने का प्रस्ताव

- ऑनलाइन अपाइंटमेंट पर ओपीडी में दिखा सकेंगे रोगी, टेली-मेडिसिन पर जोर होगा
- दस दिन के बाद दोबारा स्थिति की समीक्षा कर लिए जाएंगे निर्णय

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ने कोविड-19 रोगियों के लिए आईसीयू बैड को बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही आक्सीजन वाले बैड की संख्या को भी चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर बढ़ते गंभीर रोगियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की कोशिश की जाएगी। इससे कोरोना की दूसरी लहर से प्रभावित अति गंभीर रोगियों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

इस संबंध में निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने वरिष्ठ चिकित्सकों और अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। एम्स में कोविड-19 रोगियों के लिए फिलहाल 500 बैड की व्यवस्था है जिसमें अभी तक लगभग 350 रोगी एडमिट हैं। ऐसे में नए रोगियों के लिए अतिरिक्त बैड की व्यवस्था करने पर जोर दिया गया। चिकित्सकों का कहना था कि दूसरी लहर में कोविड के अति गंभीर रोगी अधिक संख्या में आ रहे हैं ऐसे में अधिक आईसीयू और आक्सीजन बैड की आवश्यकता है। इसे देखते हुए अगले तीन दिनों आईसीयू बैड की संख्या को 40 से बढ़ाकर 60 करने का निर्णय लिया गया जिससे अति गंभीर रोगियों को तुरंत राहत मिल सके। इसके अलावा चरणबद्ध तरीके से आक्सीजन बैड की संख्या को पहले 100 और उसके बाद आवश्यकता अनुसार बढ़ाने के लिए भी सहमति दे दी गई।

> इमरजेंसी और ट्रामा सेवाएं अनवरत जारी रहेंगी, जीवन रक्षक ऑपरेशन भी होंगे

डीन प्रो. एस.पी. धनेरिया ने बताया कि एमबीबीएस और बीएससी नर्सिंग के 2017 बैच के छात्रों को परीक्षा और इंटर्नशिप होगी। जबकि शेष सेमेस्टर के छात्रों को ऑन लाइन क्लास लेने के लिए कहा गया है। उप-निदेशक (प्रशासन) अंशुमान गुप्ता ने कोविड वार्ड में रोगियों को अपने परिजनों से वीडियो कॉल पर बात करने की सुविधा देने का प्रस्ताव दिया जिसे स्वीकृति दे दी गई।

फिलहाल ओपीडी में ऑन लाइन अपाइंटमेंट की सुविधा रहेगी। फॉलोअप रोगी टेलीमेडिसिन की सेवाएं ले सकेंगे। इमरजेंसी और ट्रामा की सेवाएं पूर्ववत जारी रहेंगी। विभिन्न विभागों में जीवन रक्षक ऑपरेशन जारी रहेंगे। इन विभागों के अतिरिक्त चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ को कोविड के नए वार्डों में तैनात किया जाएगा जिससे बढ़ते रोगियों की देखभाल को सुनिश्चित किया जा सके। 19 अप्रैल को पुनः बैठक कर स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

न्यूज गैलरी

राहत आयुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये आपदा प्रबंधन कार्यों की समीक्षा की

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन की राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव एवं राहत आयुक्त सुश्री रीता शांडिल्य ने आज मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रायगढ़, राजनांदगांव, रायपुर एवं सुकमा के आपदा प्रबंधन के नोडल अधिकारियों से आपदा मित्र योजना, जिला आपदा प्रबंधन योजना, जिला अग्नि सुरक्षा योजना और लू से बचाव एवं प्रबंधन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जिला स्तर पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत एनडीएमआईएस पोर्टल में पंजी सहित अन्य आपदा प्रबंधन की गतिविधियों की जानकारी ली। सचिव द्वारा संबंधित जिलों के अधिकारियों से आपदा मित्र योजना के क्रियान्वयन हेतु आपदा मित्र स्वयं सेवकों का शीघ्र चयन कर 15 अप्रैल 2021 तक जानकारी राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने आपदा मित्र योजना के अंतर्गत स्काउट एवं गाईड, एन.सी.सी, एन.एस.एस. तथा नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवकों को जोड़ने एवं ज्यादा से ज्यादा महिलाओं की भागीदारी के निर्देश दिए हैं।

टिम्बर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित खमतराई थाना क्षेत्र में तड़के सुबह एक टिम्बर फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग इतना भीषण था कि दमकल की दो गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, खमतराई चर्च के पास स्थित एक फैक्ट्री में अचानक आग भड़क गई। धुंआ उठता देख आसपास के लोगों ने इस घटना की जानकारी दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग को बुझाने कि कोशिश में लग हुए है। आग इतना भीषण था कि फायर? बिग्रेड के आने तक आग विकराल हो गया था। फिलहाल दमकल की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। वहीं आग लगने का कारणों का स्पष्ट पता नहीं चला है। आग लगने से लाखों की नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

जीजा ने साली पर डाली बुरी नजर, थाने में मामला दर्ज

रायपुर। ससुराल आये जीजा ने साली पर गलत नजर डाल बेईज्जत करने की नियत से हाथ-बांह पकड़ लिया। घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने मे दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा रायपुर निवासी 17 वर्षीय पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि पीड़िता का जीजा सोनू वर्मा 04 अप्रैल को उसके घर आया था। इसी दौरान प्रार्थिया पर बुरी नियत से हाथ-बांह पकड़ बेईज्जत करने का प्रयास किया। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354, 394, 506, 323 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

ताला तोड़कर 40 हजार का सामान चोरी, चोर के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर। सूने मकान का ताला तोड़कर 40 हजार रुपये के सामान चोरी कर लेने की रिपोर्ट देवेन्द्रनगर थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार मकान नंबर सी 42 सेक्टर 01 देवेन्द्रनगर निवासी अशोक कुमार पटेल 29 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रायपुर में फील्ड इंजिनियर के पद पर जियो कंपनी मे काम करता है। 04 अप्रैल को मकान का दरवाजा बंद कर व ताला लगाकर ड्यूटी पर गया था,करीबन 04/00 बजे शाम वापस आकर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था। मकान के अंदर जाकर देखा तो अंदर में रखे एक नग पुरानी इस्तेमाली एचपी कंपनी का लेपटाप कीमत 20,000 रूपये, एक नग एलवाईएफ कंपनी का पुरानी इस्तेमाली मोबाईल कीमत 10,000 रूपये, एक नग ओप्पो कंपनी का पुरानी इस्तेमाली मोबाईल कीमती 8,000 रूपये, एक नग एमआई कंपनी का पुरानी इस्तेमाली ब्लूटुथ कीमत 700 रूपया, एक नग एमआई कंपनी का पुरानी इस्तेमाली स्पीकर कीमत 500 रूपया, एक नग एमआई कंपनी का पुरानी इस्तेमाली पावर बैंक कीमती 500 रूपये कुल 39,700 रूपये के उपरोक्त सामान को कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर मकान में प्रवेश कर चोरी कर ले गया है।

तेज रफ्तार बाईक से गिरने पर वृद्धा की मौत, बाईक सवार खिलाफ अपराध दर्ज

रायपुर। तेज रफ्तार बाईक से जाते समय पीछे बैठी वृद्ध महिला नीचे गिर जाने से उसकी मौत हो गई। घटना की शिकायत पर मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ धरसींवा थाने में मर्ग कायम कर धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज की गई है।मिली जानकारी के अनुसार नेउराडीह धरसींवा निवासी भुवन आडिल 35 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 07 अप्रैल को दोपहर 1 बजे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एलवाय 3707 के पीछे बैठकर जाते समय अगस्तिया बाई 70 वर्ष पति अंजोरदास बघेल निवासी नेऊरडीह धरसींवा ग्राम पथरी के पास गिर गई।

लॉकडाउन की घोषणा होते ही अत्यावश्यक वस्तुओं के बढ़े दाम

सुबह 11 बजे से पेट्रोल पम्पों में बढ़ी भीड़, दो पेट्रोल पम्प खाली

बाजारों में जमकर लगी भीड़

रायपुर। कोरोना वायरस कोविड-19 की स्थिति गंभीर है। बुधवार शाम को कलेक्टर रायपुर द्वारा 10 दिवसीय लॉक डाउन की तिथि 9 अप्रैल से लगने की घोषणा के साथ ही बाजारों में लोगों की भीड़ जमकर लगी। मिली जानकारी के अनुसार सब्जी बाजारों में बिक रही सब्जी अधिकतम दामों में बिकी। टमाटर 50 रूपये किलो, आलू 30 रूपये किलो, प्याज 30 रूपये किलो, लहसून 120 रूपये किलो, मुनगा 80 रूपये किलो, खीरा 30 रूपये किलो, बैंगन 40 रूपये किलो, लौकी 30 रूपये किलो, भिण्डी 60 रूपये किलो, गोभी 50 रूपये किलो, शिमला मिर्च 60 रूपये किलो, कद्दू 20 रूपये, गवार फल्ली 60 रूपये किलो, मूली 40 रूपये किलो, कुदरू 50 रूपये, कोचई 60 रूपये किलो, तोरई 50 रूपये किलो, कच्चा आम 80 रूपये किलो, करेला 60 रूपये किलो सहित अनेक वस्तुओं के दामों में वृद्धि देखी गई। वही लॉक डाउन की खबर मिलते ही शहर के प्रमुख बाजारों में जमकर भीड़ लगी। जिसके चलते कई बार मालवीय रोड, सदर बाजार, गोल बाजार आदि क्षेत्रों में जाम की स्थिति देखी गई सर्वाधिक भीड़ शहर के पेट्रोल पम्पों में देखी गई। समाचार लिखे जाने तक संवाददाता को मिली जानकारी के अनुसार सुबह 11 बजे शहर के बीच स्थित दो पेट्रोल पम्पों में पेट्रोल एवं डीजल खत्म हो गया।

आवश्यक वस्तुओं की हो रही जमाखोरी

गौरतलब है कि लॉक डाउन की तिथि घोषित होते ही कारोबारियों द्वारा जमाखोरी के चलते आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में जानबूझकर कमी पैदा की जा रही है आगामी 10 दिनों मे कई व्यापारिक संस्थान आपदा को अवसर मे बदलने के लिए बेताब है। अनेक प्रबुद्ध नागरिकों ने कलेक्टर रायपुर से लॉक डाउन के दौरान आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाही की मांग की है।

कांटेक्ट ट्रेसिंग कार्य में अनुपस्थित 42 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

रायपुर। अपर कलेक्टर एवं कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग कार्य रायपुर की प्रभारी अधिकारी श्रीमती पदमिनी भोई ने कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग कार्य की ड्यूटी में अनुपस्थित 42 अधिकारियों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने इन सभी को न्यू सर्किट हाउस स्थित कंट्रोल रूम में अनुपस्थिति के उचित कारण के साथ समक्ष में उपस्थिति होने को कहा है। आदेश की अवेहलना किए जाने पर उनके विरूद्व आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 तथा एपेडमिक डिसीसेस एक्ट 1857 के तहत अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इसके तहत श्रीमती प्रमिला होड़, श्वेता अमित सिरपुरकर, श्रीमती अमना अजीत, कुमारी अनुपमा लकड़ा, दीप्ति समीकर, श्रीमती सुलोचना साहू, श्रीमती राम सुन्निसा, कुमारी पूजा जामकुड़कर, श्रीमती नमिता मसीहा, श्रीमती सोसन केरकेट्टा, श्रीमती जान्हवी यदु, श्रीमती प्रभा साहू, श्रीमती रंजना कुशवाहा ,श्रीमती अर्पिता अग्रवाल, श्रीमती मनीषा अग्रवाल, श्री शैल शर्मा, श्रीमती अफसाना परवीन, श्रीमती अंजना दुबे, श्रीमती विजय लक्ष्मी वर्मा, श्रीमती गौरी नामदेव, श्री लोकेश कुमार साहू ,श्रीमती सरिता स्वर्णकार ,श्रीमती गरिमा साकर, इफ्तेखारून्निशा कुरेशी, श्रीमती जीवन लाल शर्मा,श्रीमती कविता शर्मा ,श्रीमती मंजू सुतवने,श्रीमती निशा शर्मा, श्रीमती नंदनी वर्मा, श्रीमती निधि महानंद, श्रीमती नम्रता भोसले, सुश्री कामिनी जांगड़े, श्री राम दास बैरागी ,श्रीमती वंदना तिवारी, श्रीमती जयंती श्रीवास,श्रीमती पार्वती वर्मा, श्रीमती भारती सिन्हा ,श्रीमती ज्योति चंद्रवंशी, श्रीमती बसंती सोनापती,श्रीमती आशिमा अंजुम, श्रीमती देवकी सिंह एवं श्री आशीष बंजारे को नोटिस जारी किया गया।

रायपुर जिले के अस्थाई आईसोलेशन : कोविड-19

केयर सेंटरों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर डॉ एस.भारतीदासन ने जिले में कोरोना वायरस (कोविड-19) पॉजिटिव प्रकरणों की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए अस्थाई आईसोलेशन - कोविड-19 केयर सेंटर बनाने के लिए 6 भवनों को अधिग्रहित किया है और यहां का व्यवस्थित एवं निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारियों नियुक्त करते हुए सहित अन्य अधिकारियों की ड्युटी लगाई है। इसके तहत प्रयास बालक छात्रावास, सड्डू रायपुर के आईसोलेशन-कोविड-19 केयर सेंटर हेतु सहायक संचालक, कृषि श्री आर.के. परगनिहा मो नं-9827104237 को नोडल अधिकारी बनाया है। इसी तरह पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, नवा रायपुर अटल नगर तथा छत्तीसगढ़ एवं स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, सेक्टर 40 उपरवारा, नवा रायपुर अटल नगर को अस्थाई आईसोलेशन-कोविड-19 केयर सेंटर के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं प्रबंधक (प्रशासन) नवा रायपुर विकास का प्राधिकरण श्री विनय अग्रवाल फोन नं- 9424407243 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

वर्किंग वूमेन हॉस्टल, व्ही.आई.पी. रोड, फुण्डहर में बनाए गए अस्थाई आईसोलेशन/कोविड-19 केयर सेंटर के लिए श्री ए.एन.बंजारा, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर मों नं- 9926177856 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, नवीन भवन अटारी के अस्थाई आईसोलेशन/कोविड-19 केयर सेंटर के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक संचालक, खेल विभाग श्री हेमन्त मत्स्यपाल, मो नं-9424220390 तथा प्रयास महिला छात्रावास, गुढ़ियारी के लिए सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग श्री तारकेश्वर देवांगन मो नं-9406047400 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने अस्थाई आईसोलेशन/कोविड-19 केयर सेंटर में भोजन वितरण, साफ-सफाई, पेयजल, मेडिकल डिस्पोजल स्थल तक भोजन एवं उसकी परिवहन व्यवस्था, किसी मरीज के लक्षण युक्त होने पर वरिष्ठ चिकित्सालय में रेफर करने, सेन्टर में सम्पूर्ण चिकित्सीय व्यवस्था, भवन अधोसंरचना एवं सुधार कार्य, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था आदि के लिए भी अधिकारियों की ड्युटी लगाई है।

लापरवाही

रायपुर-नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में शुक्रवार शाम से लाकडाउन लगने की घोषणा के बाद शराब दुकानों में उमड़ी मदिरा प्रेमियों की भीड़।

केन्द्र राज्यों की आपदा में अवसर तलाश रहे : कांग्रेस

कोरोना टीकाकरण की आयु 18 वर्ष किये जाने की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रस्ताव को कांग्रेस का समर्थन



रायपुर। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन और भाजपा नेताओं के ट्वीट और बयानों पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि जिन राज्यों में कोरोना संक्रमण बढ़ रहा है, जरूरत इस बात की है उन राज्यों को मदद दी जायें। आज मिलकर कोरोना महामारी से लड़ने के समय है लेकिन केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार से लड़ने में लगे है। इसके पहले भी जब-जब भारत में किसी राज्य में भूकंप, बाढ़ या किसी तरीके की आपदा आई है तो ऐसे समय केन्द्र सरकार ने उन राज्यों की और उन राज्यों में रहने वालों की मदद की। लेकिन अब तो इतिहा हो गई है। केन्द्र सरकार और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा मदद करने के बजाय राज्यों की आपदा में अवसर की तलाश कर रही है यह बेहद दुर्भाग्यजनक स्थिति है। यह समय राजनीति का नहीं है।

राज्य को अब तक 10 लाख ही मिली वैक्सीन

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि कल रात ही तो 10 लाख कोरोना वैक्सीन छत्तीसगढ़ तो भेजी गयी। कल रात को भेजी गयी और आज दोपहर से केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ट्वीट पर ट्वीट करने में लग गये। छत्तीसगढ़ सरकार कोरोना की समस्या से निपटने के लिये अपने संसाधनों से काम कर रहा है। छत्तीसगढ़ में बढ़ते संक्रमण से लड़ने में राज्य सरकार को मदद की जरूरत है। जरूरत इस बात की है कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिये वैक्सीनेशन का सुरक्षा कवर बढ़ाया जाये। छत्तीसगढ़ की जरूरत के अनुसार वैक्सीन उपलब्ध कराया जाये। वैक्सीनेशन को लेकर भाजपा द्वारा की जा रही राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है और छत्तीसगढ़ हित में नहीं है।

कोरोना महामारी में राजनैतिक प्रतिशोध न करे भाजपा

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि सिर्फ 10 लाख टीके आये है। छत्तीसगढ़ की जरूरत बहुत ज्यादा टीकों की है। क्योंकि टीका एक बार लगना फिर 4 से 8 हफ्ते में दूसरा टीका लगना इन सब में समय लगता है। ऐसे समय में प्राथमिकता के आधार पर छत्तीसगढ़ की मदद करने की बजाय यदि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ट्वीट-ट्वीट की राजनीति करने की कोशिश करेंगे तो यह न तो देश हित में है और न ही छत्तीसगढ़ वासियों के हित में है। छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव अभी बहुत दूर है। अभी जनहित में मौके का फायदा उठाने की मनोवृत्ति से भाजपा को बचना चाहिये। भाजपा इस महामारी के समय राजनैतिक प्रतिशोध की भावना से काम न करें।

केन्द्र सरकार नहीं कर रही सहयोग

भाजपा की केन्द्र सरकार, स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के छत्तीसगढ़ नेताओं द्वारा की जा रही राजनीति पर दुख व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि देश में जब-जब किसी राज्य में संकट आपदा आती है तो केन्द्र सरकार उस राज्य के साथ खड़ी होती है। उस राज्य की मदद करती है। चाहे भूकंप हो, चाहे बाढ़ हो या अन्य किसी भी किस्म की परेशानी हो। लेकिन इस समय केन्द्र की मोदी सरकार ठीक उल्टा कर रही है। जिन राज्यों में संक्रमण बढ़ रहा है राजनैतिक कारणों से उन राज्यों की राज्य सरकारों को दोषी ठहराने का खेल खेला जा रहा है। ये तो राजनैतिक बदले की भावना है। ये तो किसी राज्य में किसी राज्य के वासियों पर आई आपदा में राजनीति का अवसर तलाशने की कोशिश है। यह बेहद गलत है, बेहद आपत्तिजनक है। आज जरूरत इस बात की है कि बढ़ते संक्रमण को देखते हुये पर्याप्त मात्रा में टीके उपलब्ध कराया जाये। ताकि अधिक से अधिक लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो सके।

संपादकीय

बंगाल में बवाल पर बवाल

बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान वहां बवाल पर बवाल उठ रहा है। अब तक तीन चरणों के मतदान हो गए है और इस दौरान हिंसा की कई घटनाएं हो चुकी है, चौथे चरण के मतदान के दौरान भी हिंसक झड़प की संभावना बरकरार है। इस क्रम में बंगाल के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष की गाड़ी पर हमला किया गया। उन्होने इसके लिए टीएमसी के गुंडो पर आरोप लगाया है और चुनाव आयोग से शिकायत की है। बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के पास शिकयतों का ढेर लग चुका है। यह तो गनीमत है कि चुनाव आयोग ने पहले की स्थिति को भांप लिया था इसलिए उसने बंगाल में आठ चरणों में मतदान कराने का फैसला लिया ताकि सुरक्षा बल के जवान एक जगह से दूसरे जगह जा सके। यही वजह है कि इस बार बंगाल में हिंसा की घटनाएं अपेक्षकृत कम हो रही है। लेकिन अभी भी पांच चरणों का मतदान होना है और इस दौरान हिंसा की घटनाएं होने की संभावना बरकरार है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी जिस तरह तीखे तेवर दिखा रही है और विवादास्पद बयानबाजी कर रही है उसे देखते हुए तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो सकती है। चुनाव ओयाग ने ममता बेनर्जी को भी एक नोटिस भेजा है और उन्हे उनके बयान पर सफाई देने को कहा है। गौरतलब है कि ममता बेनर्जी ने एक चुनावी सभा के दौरान अल्पसंख्यक वोटों को एकजुट होने की अपील की थी, इसे भाजपा ने मुद्दा बनाया और चुनाव आयोग से शिकायत कर दी। ममता बेनर्जी के उस बयान पर चुटकी लेते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी ने भी यह बयान दिया था कि ममता बेनर्जी अल्पसंख्यक वोटो का ध्रुवीकरण कर रही है यदि वे भी बुहसंख्यक वोटों के ध्रुवीकरण की अपील कर देंगे तो चुनाव आयोग कार्यवाही कर देगा। कुल मिलाकर बंगाल विधानसभा चुनाव में रोज बवाल कट रहा है जो लोकतंत्र के हित में नहीं है। बहरहाल चुनाव आयोग बड़ी कुशलता से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है लेकिन उसे और सतर्कता बरतने की जरूरत है ताकि शेष पांच चरणों का मतदान बगैर किसी बवाल के शांतीपूर्वक निपट सके।

विचार

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत-रूसः हमें हुआ क्या है ?

रूसी विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव और भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर के बीच हुई बातचीत के जो अंश प्रकाशित हुए हैं और उन दोनों ने अपनी पत्रकार-परिषद में जो कुछ कहा है, अगर उसकी गहराई में उतरें तो आपको थोड़ा-बहुत आनंद जरुर होगा लेकिन आप दुखी हुए बिना भी नहीं रहेंगे। आनंद इस बात से होगा कि रूस से हम एस-400 प्रक्षेपास्त्र खरीद रहे हैं, वह खरीद अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद जारी रहेगी। रूस भारत से साढ़े सात करोड़ कोरोना-टीके खरीदेगा। यद्यपि इधर भारत ने रूसी हथियार की खरीद लगभग 33 प्रतिशत घटा दी है लेकिन लावरोव ने भरोसा दिलाया है कि अब रूस भारत को नवीनतम हथियार-निर्माण में पूर्ण सहयोग करेगा। उत्तर-दक्षिण महापथ याने ईरान और मध्य एशिया होकर रूस तक आने-जाने का बरामदा और चेन्नई-व्लादिवस्तोक जलमार्ग तैयार करने में भी रूस ने रूचि दिखाई है। लावरोव ने भारत-रूस सामरिक और व्यापारिक सहयोग बढ़ाने के भी संकेत दिए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि भारत किसी भी देश के साथ अपने संबंध घनिष्ट बनाने के लिए स्वतंत्र है। उनका इशारा इधर भारत और अमेरिका की बढ़ती हुई घनिष्टता की तरफ रहा होगा लेकिन उन्होंने कई ऐसी बातें भी कही हैं, जिन पर आप थोड़ी गंभीरता से सोचें तो लगेगा कि वे दिन गए, जब भारत-रूस संबंधों को लौह-मैत्री कहा जाता था। क्या कभी ऐसा हुआ है कि कभी कोई रूसी नेता भारत आकर वहां से तुरंत पाकिस्तान गया हो ? कल नई दिल्ली में पत्रकार-परिषद खत्म होते ही लावरोव इस्लामाबाद पहुंच गए। रूस का रवैया भारत के प्रति अब लगभग वैसा ही हो गया है, जैसा कभी अमेरिका का था। वे इस्लामाबाद क्यों गए ? इसलिए कि वे अफगान-संकट को हल करने में जुटे हुए हैं। सोवियत रूस ने ही यह दर्द पैदा किया था और वह ही इसकी दवा खोज रहा है। लावरोव ने साफ-साफकहा कि तालिबान से समझौता किए बिना अफगान-संकट का हल नहीं हो सकता। जयशंकर को दबी जुबान से कहना पड़ा कि हाँ, उस हल में सभी अफगानों को शामिल किया जाना चाहिए। यह हमारी सरकार की घोर अक्षमता है कि हमारा तालिबान से कोई संपर्क नहीं है। 1999 में जब हमारे जहाज का अपहरण करके कंधार ले जाया गया था, तब प्रधानमंत्री अटलजी के अनुरोध पर मैंने न्यूयार्क में रहते हुए कंधार के तालिबान नेताओं से सीधा संपर्क करके उस जहाज को छुड़वाया था। हम यह जान लें कि तालिबान गिलजई पठान हैं। वे मजबूरी में पाकिस्तानपरस्त हैं। वे भारत-विरोधी नहीं हैं। यदि उनके जानी दुश्मन अमेरिका और रूस उनसे सीधा संपर्क रख रहे हैं तो हम क्यों नहीं रख सकते ? हमें हुआ क्या है ? हम किससे डर रहे हैं ? या मोदी सरकार के पास योग्य लोगों का अभाव है ? लावरोव ने तालिबान से रूसी संबंधों पर जोर तो दिया ही, उन्होंने 'इंडो-पेसिफिक' की बजाय 'एशिया-पेसिफिक' शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलियाई चौगुटे को 'एशियन नाटो' भी कह डाला। चीन और पाकिस्तान के साथ मिलकर रूस अब अमेरिकी वर्चस्व से टक्कर लेना चाहेगा। लेकिन भारत के लिए यह बेहतर होगा कि वह किसी भी गुट का पिछलग्गू नहीं बने। यह बात जयशंकर ने स्पष्ट कर दी है लेकिन दक्षिण एशिया की महाशक्ति होने के नाते भारत को जो भूमिका अदा करनी चाहिए, वह उससे अदा नहीं हो पा रही है।

दुनिया का फर्स्ट रोबोमैन

श्याम सुंदर भाटिया

कैसे हुआ यह कायापलट? डॉ. पीटर ने खुद इसे कायापलट ही कहा है। संग में यह भी कहा कि वह इंसान से जब रोबोट बन जाएं तब उन्हें पीटर 2.0 के नाम से पुकारा जाए। डॉ. पीटर के इस कायापलट के लिए दुनिया की बेहतरीन टेक्नोलॉजी कंपनियों ने अलग-अलग काम किए। जैसे डीएक्ससी ने डॉ. पीटर के शरीर में लीड सिस्टम इंटिग्रेटर, साइबोर्ग आर्टिस्ट और एक होस्ट लगाया। इंटेल ने वर्बल स्पॉन्टिनिटी सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ने होलोलेंस, एफ्फोर्ड ने यूज़र इंटरफेस डिज़ाइन और ह्यूमन सेंट्रिक एप्रोच जैसे काम किए। किसी कंपनी ने डिजिटल अवतार तैयार किया तो किसी ने वॉइस सिंथेसाइज़र और ऐसे बना आधा इंसान आधा रोबोट। आंखें हैं खास, कई कंप्यूटरों के लिए असल में जो बीमारी डॉ. पीटर को हुई थी, वह धीरे-धीरे उनके पूरे शरीर को खत्म कर देती, लेकिन आंखें नहीं। इस बात को समझते हुए वैज्ञानिकों ने आंखों को रोबोटिक काबिलियत के लिए इस्तेमाल करने का फैसला किया।

यकीनन, दुनिया में टेक्नोलॉजी ने विस्मित छलांग लगाई है। 13.8 अरब सालों से इतिहास में पहली बार कोई इंसान सबसे ज्यादा एडवांस्ड रोबोट के रूप में आपके सामने है। विज्ञान और तकनीक के साथ जुड़ी मानवीय जज्बे ही यह कहानी हम सबको चौंकाती है। यह अद्भुत, अविश्वसनीय और अतुल्नीय कहानी आत्मविश्वास से लबरेज तो है ही, साथ ही इस नकारात्मक सोच को भी ठेंगा दिखाती है, इंसान और रोबोट एक-दूसरे के दुश्मन है। रोबोमैन की सच्चाई तो यह सकारात्मक संदेश देती है, मानव और रोबोट एक दूसरे के ट्रूली फ्रेंड्स हैं। यह कड़वा सच है, वैज्ञानिक तकनीक के सहारे पूरी तरह इंसान तो नहीं बना सकते, लेकिन आधा इंसान, आधा रोबोट तो बना ही लिया हैं। ब्रिटेन के वैज्ञानिक डॉक्टर पीटर स्कॉट मॉर्गन ने खुद को 'रोबोमैन' के रूप में बदल लिया है। उन्हें दुनिया का पहला रोबोमैन कहा जा रहा है। यह शख्स अब आधा इंसान और आधा मशीन है। डॉ. पीटर 62 साल के हैं। खुद को जिंदा रखने के लिए उन्होंने दुनिया के सामने एक हैरतअंगेज मिसाल पेश की है। दरअसल, डॉ. पीटर मोटर न्यूरॉन नाम की एक घातक बीमारी थी, जिसके कारण उनकी मांसपेशियां भी बर्बाद हो रही थीं। शरीर के कई अंग काम करना बंद करने लगे थे। इसके बाद उन्होंने विज्ञान का सहारा लिया। रोबोटिक्स का उपयोग करके अपने जीवन को एक नया आयाम दिया। अब डॉ. पीटर मशीनों की मदद से वे सभी काम आसानी से कर लेते हैं, जिन्हें कोई सेहतमंद व्यक्ति करता है। डॉ. मॉर्गन को 2017 में मांसपेशियों को बर्बाद करने वाली इस दुर्लभ बीमारी 'मोटर न्यूरॉन' का पता चला। इसके बाद 2019 में वह खुद को आधा इंसान और आधा रोबोट में ढालने में लग गए। आज वह न सिर्फजिंदा हैं बल्कि दुनिया के लिए एक बेमिसाल उदाहरण बन गए हैं। वह कहते हैं, मैं हमेशा से ऐसा मानता रहा हूं, जीवन में ज्ञान और तकनीक के सहारे बहुत-सी खराब चीजों को बदला जा सकता है।

आधा इंसान और आधा मशीन बनाने या यूं कहें कि बनने की प्रेरणा उन्हें साइंस फिक्शन कॉमिक के कैरेक्टर साइबोर्ग से

मिली है। साइबोर्ग दरअसल एक साइंस फिक्शन कॉमिक का ऐसा कैरेक्टर है, जो आधा इंसान और आधा मशीन होता है। डॉ. मॉर्गन कहते हैं- आधा मशीन होने के बाद भी मेरे पास प्यार है। मैं मस्ती करता हूँ। मुझे उम्मीद है, मेरे पास सपने हैं। मेरे पास उद्देश्य हैं। वह आत्मविश्वास से लबरेज हैं। कहते हैं, अगर मेरे से कोई चार साल की सबसे अच्छी बात पूछता है तो मेरा जवाब यह है कि मैं अभी भी जिंदा हूं। इस विश्व-प्रसिद्ध रोबोटिस्ट को इंसान से आधे मशीन में ट्रांसफॉर्म होने के दौरान अविश्वसनीय रूप से जटिल और जोखिम भरे रास्तों से गुजरना पड़ा है। बीमारी के दौरान उनके चेहरे पर भाव भंगिमाएं बताने वाली कई मांसपेशियां खत्म होने लगी थीं। इसके बाद उन्होंने ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बॉडी लैंग्वेज को बताने की तकनीक की खोज की है। डॉ. स्कॉट-मॉर्गन ने केवल अपनी आंखों का उपयोग करके कई कंप्यूटरों को नियंत्रित करने में सक्षम करने के लिए आई-ट्रैकिंग तकनीक का भी आविष्कार किया है। वे वेंटिलेटर से ही सांस ले सकते हैं। उन्होंने रोबोट में फाइनल ट्रांसफॉर्म होने के दौरान अपनी आवाज को भी खो दिया था। उन्होंने एक लेरिंजेक्टॉमी करवाई। उनकी निजी जिंदगी की बात करें तो वह अपनी पार्टनर फ्रांसिस के साथ रहते हैं जो डॉ. पीटर से तीन बरस बड़ी हैं।

ब्रिटेन के इस अलबेले वैज्ञानिक डॉ. पीटर स्कॉट मॉर्गन की रोमांचक कहानी उनकी लास्ट पोस्ट की चुनिंदा पंक्तियों से बताता हूँ'पीटर 1.0 के तौर पर यह मेरी लास्ट पोस्ट है... मैं मर नहीं रहा, पूरी तरह बदल रहा हूं। ओह! विज्ञान से मुझे कितना प्यार है। डॉ. पीटर की चाह है, उनके चार साल के सफर को पीटर 1.0 और पीटर 2.0 के तौर पर दुनिया जाने। पीटर 2.0 की कहानी रोबोमैन के तौर पर बता चुका हूँ, लेकिन पीटर 1.0 की कहानी फ्लैशबैक की मानिंद है। डॉ. पीटर दुनिया और मानव इतिहास के पहले पूरे साइबोर्ग बनने जा रहे हैं। यानी वह मनुष्य से पूरी तरह रोबोट बनने की तरफ हैं। यह बात चौंकाने वाली ज़रूर लगती है, लेकिन यह सच होने जा रहा है। एक जानलेवा बीमारी से जूझने वाले पीटर की मानें तो उन्होंने विज्ञान की मदद से अपनी ज़िंदगी बढ़ाने के लिए पूरे रोबोट में तब्दील होने का फैसला लिया है, जिसे वह पीटर 2.0 कह रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में यह घटना वाकई एक इतिहास के तौर पर दर्ज की जाने वाली है। एक वैज्ञानिक तकनीकी तौर पर मरने के बाद एक रोबोट के तौर पर ज़िंदा रहेगा यानी कहा जा सकता है कि वह आधा इंसान और आधा रोबोट होगा। यह सब कैसे मुमकिन हो रहा है? साइबोर्ग क्या है और पीटर मोटर न्यूरॉन नामक जिस जानलेवा बीमारी के शिकार रहे, वह क्या है? सवाल यह है, क्यों डॉ. पीटर साइबोर्ग बनने जा रहे हैं? डॉ. पीटर के हवाले से दुनिया जानती है, वह मोटर न्यूरॉन यानी एमएनडी या एएलस नाम की बीमारी के शिकार हो गए थे। इसके बाद उनके बचने की कोई सूरत नहीं थी। उन्होंने मौत स्वीकार करने के बजाए इसे चुनौती के तौर पर कबूल करना चाहा और खुद को एक पूरे रोबोट में बदलने का फैसला किया। विज्ञान और अत्याधुनिक तकनीकों की मदद से उन्होंने अपने इस फैसले को साकार करने की राह पकड़ी।

2019-2020 में यह सवाल सभी के दिलों दिमाग में कौंधता रहा है, कितने बदल चुके हैं डॉ. पीटर? डॉ. पीटर को पूरे रोबोट में बदलने के लिए डॉक्टरों और वैज्ञानिकों ने कई तरह की सर्जरी की हैं। उनके शरीर के फूड पाइप को सीधे पेट से, कैथेटर को ब्लैडर से जोड़ने के साथ ही एक वेस्ट बैग भी जोड़ा गया है ताकि मल मूत्र साफ हो सके। चेहरे को रोबोटिक बनाने वाली सर्जरी की जा चुकी है, जिसमें कई आर्टिफिशियल मांसपेशियां हैं।

बरखोडिया मेलियाईः कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक वायरस

योगेश कुमार गोयल

विशेषज्ञों के अनुसार बरखोडिया मेलियाई वायरस फैलने पर यह कोरोना से भी कहीं ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है क्योंकि इंसानों में यह संक्रमण तेजी से फैलता है, इसीलिए कोरोना के बाद इस बीमारी के लोगों के लिए बड़ा खतरा बनने की आशंका विशेषज्ञों को चिंता में डाल रही है। इसी कारण संक्रमित घोड़े का मामला सामने आते ही संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए उसे तुरंत मारकर दफ्न कर दिया गया और अन्य जानवरों की जांच और सैम्पलिंग की जा रही है। घोड़ों सहित कुछ अन्य जानवरों में पाई जाने वाली 'ग्लैंडर्स' नामक बीमारी बरखोडिया मेलियाई वायरस जनित ऐसी बीमारी है, जिसमें जानवर की आंखों और नाक से पानी आने के साथ ही उनके शरीर पर गांठ और चकत्ते पड़ जाते हैं।

एक ओर जहां पूरी दुनिया सवा साल से भी ज्यादा समय से कोरोना महामारी से त्रस्त है और कोरोना वायरस दुनियाभर में अब तक कई लाख लोगों की बलि ले चुका है, वहीं इसी अवधि के दौरान दुनिया के विभिन्न हिस्सों में कुछ और वायरसों का संक्रमण भी लगातार चुनौती पेश करता रहा है। कभी हंता वायरस तो कभी बर्ड फ्लू का खौफया ऐसे ही कुछ और वायरसों का खौफइंसानों को रह-रहकर डराता रहा है। हाल ही में उत्तर प्रदेश में मिले 'बरखोडिया मेलियाई' नामक खतरनाक वायरस ने नया खौफपैदा किया है। दरअसल जानवरों में मिलने वाला यह खतरनाक वायरस बड़ी आसानी से जानवरों से इंसानों में फैल सकता है और पशु चिकित्सकों के मुताबिक यह वायरस पूरी दुनिया को भयाक्रांत करने वाले कोरोना वायरस से भी ज्यादा खतरनाक है। एक ओर जहां पिछले कुछ दिनों से देशभर में कोरोना संक्रमण को लेकर स्थिति काफी खतरनाक होती जा रही है, जहां चंद दिनों के भीतर प्रतिदिन संक्रमितों की संख्या एक लाख का आंकड़ा पार करने लगी है, ऐसे बुरे दौर में विभिन्न वायरसों या बीमारियों का सामने आना चिंता की स्थिति पैदा करता है।

जहां तक भारत में 'बरखोडिया मेलियाई' नामक खतरनाक वायरस मिलने की बात है तो यह वायरस हाल ही में मिला उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के कर्नलगंज कस्बे में, जहां एक घोड़े के अंदर यह खतरनाक वायरस मिलने की पुष्टि होने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। इस वायरस से घोड़े के संक्रमित पाए जाने के कारण ही इस वायरस को 'घोड़ा वायरस' के नाम से भी जाना जा रहा है। चूंकि घोड़े में पाया गया यह वायरस जानवरों से इंसानों में आसानी से फैल सकता है, इसीलिए प्रशासन को तुरंत मुस्तैद होना पड़ा और संक्रमित घोड़े को मौत की नींद सुलाने के बाद पशुपालन विभाग द्वारा आसपास के सभी पालतू जानवरों की जांच का अभियान शुरू किया गया है ताकि किसी अन्य जानवर में यह वायरस पाए जाने की स्थिति में इसे फैलने से पहले ही इस पर नियंत्रण किया जा सके।

गौरतलब है कि गत दिनों गोंडा जिले में कर्नलगंज कस्बे के बमपुलुस निवासी ईदु नामक व्यक्ति के दो घोड़ों की

तबीयत अचानक काफी खराब हो गई थी, जिसके बाद उनके इलाज के लिए वह उन्हें कस्बे के पशु अस्पताल में ले गया। जब पशु चिकित्सकों ने घोड़ों का इलाज शुरू करने से पहले दोनों घोड़ों के कुछ नमूने लेकर बीमारी की पहचान के लिए उन्हें हरियाणा में हिसार एनआरसी लैब में भेजा तो जांच रिपोर्ट से पता चला कि दोनों में से एक घोड़ा 'ग्लैंडर्स' नामक खतरनाक बीमारी से ग्रसित है, जो काफी खतरनाक माने जाने वाले बरखोडिया मेलियाई वायरस के कारण होती है। रिपोर्ट में इस वायरस का नाम सामने आते ही पशु अस्पताल में हड़कंप मच गया और संक्रमित घोड़े से संक्रमण फैलने से रोकने के लिए आनन-फानन में पशुपालन विभाग द्वारा घोड़े को मौत की नींद सुलाने की योजना बनाई गई। तत्पश्चात् पीपीई किट पहनकर पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने बहुत ही सावधानीपूर्वक संक्रमित घोड़े को नगर से बाहर ले जाकर पहले बेहोशी का इंजेक्शन दिया और उसके बाद उसे जहर का इंजेक्शन देकर मौत की नींद सुलाने के बाद जेसीबी द्वारा गड्ढा खुदवाकर जमीन में दफ्ना दिया गया।

पशुपालन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 'बरखोडिया मेलियाई' से संक्रमण का यह मामला सामने आने के बाद न केवल इलाके के अन्य सभी जानवरों की जांच और सैम्पलिंग तेजी से कराई जा रही है बल्कि संक्रमित घोड़े के सम्पर्क में आने वाले अन्य लोगों की भी निरन्तर जांच की जा रही है ताकि वायरस अन्य जानवरों तथा जानवरों से इंसानों में फैलकर एक और महामारी का कारण न बनने पाए। दरअसल पशु विशेषज्ञों के मुताबिक इस वायरस के अन्य मवेशियों में फैलने का खतरा बना हुआ है और इस वायरस से होने वाली 'ग्लैंडर्स' नामक बीमारी कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक होती है। विशेषज्ञों के अनुसार बरखोडिया मेलियाई वायरस फैलने पर यह कोरोना से भी कहीं ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है क्योंकि इंसानों में यह संक्रमण तेजी से फैलता है, इसीलिए कोरोना के बाद इस बीमारी के लोगों के लिए बड़ा खतरा बनने की आशंका विशेषज्ञों को चिंता में डाल रही है। इसी कारण संक्रमित घोड़े का मामला सामने आते ही संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए उसे तुरंत मारकर दफ्न कर दिया गया और अन्य जानवरों की जांच और सैम्पलिंग की जा रही है। घोड़ों सहित कुछ अन्य जानवरों में पाई जाने वाली 'ग्लैंडर्स' नामक बीमारी बरखोडिया मेलियाई वायरस जनित ऐसी बीमारी है, जिसमें जानवर की आंखों और नाक से पानी आने के साथ ही उनके शरीर पर गांठ और चकत्ते पड़ जाते हैं। ऐसे संक्रमित जानवर के सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों के भी बड़ी आसानी से इस वायरस के शिकार होने की आशंका रहती है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अनजाने में दुनिया रब की यूँ याद

अनजाने में दुनिया रब की यूँ याद दिलाया करती है। उकसाती है भरमाती है बस तीर चलाया करती है। पल भर को भी माथे पर तहरीर शिकन की मत लाना तुम , यह वो कश्ती जो आंधी में भी पार लगाया करती है।

– चंद्रकांता अग्नीहोत्री

दिल ये आज फिर बेबस सा हुआ

दिल ये आज फिर बेबस सा हुआ जाता है तुम्हारी याद है और कुछ भी नहीं भाता है। दर्द का तेरे क़तरा क़तरा जी लिया मैंने हर पल तेरी याद का मय पी लिया मैंने आकर अब लग जा गले कि चैन आ जाए जो हुआ था चाक सीना सी लिया मैंने।

– अर्पित अनाम

खास पाती | जन्म एक कोमल भावना का

जन्म एक कोमल भावना का, शनैः शनैः कोपलें फूटीं कली गुलाब बनी और , सजी कांटों की सेज पर किन्तु होंठों पर मुस्कुराहट है हृदय मे जीने की चाह, तत्पश्चात डाली से अलग कर दी गई] फिर भी , खिलखिलाती रही आशा का संदेश देती रही अन्त हुआ भयावह , मुरझा गई या पैरों तले कुचल गई पुनः उसी के स्थान पर चटकी , एक नन्ही सी कोपल इसी भयावह अंत को जीवन्त करने के लिए। – नम्रता सरन सोना

बिना बंधन के वह कौन बांधे

बिना बंधन के वह कौन बाँधे रहता है.न शब्दों का शोर न ही साँसों की चंचल चपल चाल.बस दो अनजाने के बीच एक अदृश्य सूत्र.नीरवता में जन्म और विलीन हो जाने का वरदान पाया हुआ एक आविष्ट धड़कन.जानना एक उल्टी गिनती है.यह हिलोर देता है.शांत सरोवर में शुक्ल चतुर्दशी के चाँद का प्रतिबिम्ब जैसे नदी पर दिखता प्रतिबिम्ब बन जाता है.विस्तार भले ही मिल जाये पर छ्हलने लगता है,फिसलने लगता है,बह जाने को आतुर होता है।

– शेष अमित

ससुराल और मायका के बीच

ससुराल और मायका के बीच परायी सी वो औरतें चाहती है देहरी पिया की और साड़ी मायके की। सही मायनों में ये वो विदाई होती है जो पूछतीं है क्या अपना है और किस से जुड़ी है वो। वो जहाँ जन्म लिया आज उस की आखिरी निशानी साथ लिये जा रही है या वो जहाँ जवानी बिता के साथ कुछ नही लें जा रही है। औरत तेरी यही कहानी, मायके और ससुराल में बन के रही बेगानी।।

– संध्या चतुर्वेदी

नक्सल समस्या का कोई अन्त है

नक्सल समस्या का कोई अन्त है भी या नहीं अथवा सरकारे समाधान नहीं चाहतीं । कई साल हो गए कितने जवान मारे गए या गरीब आदिवासी बिना किसी कसूर के मौत की सजा पा रहे हैं । आखिर कब तक ?

– रामावतार शर्मा

अभी बाकी है तय होना नदी तुम

अभी बाकी है तय होना नदी तुम या समंदर हो। जो दिखने में सरल शुचि हो, मधुर मृदु भी वो अन्दर हो। कभी क्या तृप्ति दोगे तुम मुझे कुछ बूंद जल देकर, अमिय घट रख स्वयं पीते बने बैठे पुरन्दर हो।

– हरिवल्लभ शर्मा 'हरि' शर्मा

मन में कपट न राखिए हो नित

मन में कपट न राखिए हो नित सत्य स्वभाव मर्यादा का ध्यान रहे आनंद मिले प्रभाव । जीवन कुछ ऐसा जिए मिले आत्म सुख धाम करता करनी प्रबल यहीं मानुष तन में राम।

– पुष्पा त्रिपाठी

सदा तुम चाँद सा चमको यही रब से दुआ मांगूँ भुला दो तुम मुझे

सदा तुम चाँद सा चमको , यही रब से दुआ माँगू । भुला दो तुम मुझे दिल से, खुशी तेरी सदा माँगूँ । न चाही थी कभी नफरत, जुदाई भी न चाही थी- लिखा मिलकर बिछड़ना था,भला अब और क्या मांगूँ। – मोहिनी गुप्ता

QUIZ TIME

1) क्लिकजैकिंग क्या है?

2) कृत्रिम वर्षा या मेघ बीजन के लिए प्रायः प्रयोग किए जाने वाला रासायनिक द्रव्य है-

3) पराश्रव्य तरंग की आवृत्ति होती है विशिष्ट रूप से-

4) सुलभ मुद्रा का क्या अर्थ है?

5) 'रीडिस्कवरी ऑफइंडिया' किसने लिखी है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) वेब प्रयोक्ताओं को ऑनलाइन जानकारी प्रकट करने के लिए फुसलाने वाली एक दुर्भावपूर्ण तकनीक (2) सिल्वर आयोडाइड और ठोस कार्बन डाइऑक्साइड (3) 20 किलोहर्ट्ज से ऊपर (4) ब्याज की कम दर (5) जवाहरलाल नेहरू

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1667 - पेरिस में पहली पब्लिक आर्ट प्रदर्शनी लगाई गई। 1669 - मुगल बादशाह औरंगजेब ने सभी हिन्दू स्कूलों और मंदिरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया। 1756 - बंगाल के नवाब अली बर्दी खान की 80 साल की आयु में निधन। 1838 - लंदन में नेशनल आर्ट गैलरी खोली गई। 1893 - हिन्दी के प्रमुख साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन का जन्म। 1948 - सांसद, अभिनेत्री जया बच्चन का जन्म। 1953 - वार्नर ब्रदर्स ने 'हाउस ऑफवैक्स' शीर्षक से पहली 3 डी फिल्म की प्रदर्शित।1965: कच्छ के रण में भारत पाक में युद्ध छिड़ा। 1972 - सोवियत संघ और इराक ने मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किए। 1988 - अमेरिका ने पनामा पर आर्थिक प्रतिबंध लगाया। 2002 - बहरीन में निगम चुनाव में महिलाओं को भाग लेने की छूट मिली। 2004 - पुर्तगाल के सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के कई आपराधिक मामलों में वांछित माफिया सरगना अबू सलेम के भारत प्रत्यर्पण सम्बन्धी आदेश की पुनः समीक्षा करने को कहा। 2005 - ब्रिटेन के युवराज चार्ल्स का विवाह कैमिला के साथ सम्पन्न। 2010: श्रीलंका के राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के यूनाइटेड पीपुल्स फ्रीडम एलायंस ने 225 सीटों वाली संसद में 117 सीटें जीतीं। 2011: सरकार द्वारा लोकपाल कानून बनाने की मांग मान लेने के बाद अन्ना हजारे ने 95 घंटे से जारी अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया। 2013 - फ्रांसीसी सीनेट ने समलैंगिक विवाह के लिए एक विधेयक को मंजूरी दी।

खुले ग्राउंड में ट्रेनिंग कर रही है तापसी पन्नू

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी आने वाली फिल्म 'शाबाश मिठू' के लिये जिम छोड़कर खुले ग्राउंड में ट्रेनिंग कर रही है। तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'शाबाश मिठू' की तैयारियां कर रही हैं। यह फिल्म भारतीय महिला क्रिकेटर मिताली राज की बायोपिक है। तापसी इस फिल्म में मिताली राज का किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन राहुल ढोलकिया कर रहे हैं।

तापसी देश में बढ़ते कोविड-19 मामलों के चलते जिम छोड़ कर खुले ग्राउंड में ट्रेनिंग कर रही हैं। इसकी जानकारी तापसी ने खुद सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर कर दी। तापसी ने जो फोटो शेयर किया है, उसमें वे ग्राउंड में खड़ी नजर आ रही हैं। इस फोटो में वो पिंक कलर के टैंक टॉप में दिख रही हैं, उनके इस फोटो को पीछे से क्लिक किया गया है। इस फोटो को शेयर कर उन्होंने कैप्शन में लिखा, लॉकडाउन के दौरान ट्रेनिंग..... जब जिम की जगह खुले मैदान को रिप्लेस किया। ट्रेनिंग के लिए कोई बहाना नहीं।

जून से विक्रम वेधा की शूटिंग शुरू करेंगे ऋतिक रौशन!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रौशन जून से दक्षिण भारतीय सुपरहिट फिल्म 'विक्रम वेधा' के हिन्दी रीमेक की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। बॉलीवुड फिल्मकार नीरज पांडे विक्रम वेधा का हिंदी रीमेक बनाने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म में ऋतिक 'वेधा' यानी एक गैंगस्टर के किरदार में दिखाई देंगे।एक ओर विक्रम वेधा के रीमेक में ऋतिक रोशन जहां विलेन का किरदार निभाएंगे तो वहीं दूसरी ओर सैफअली खान फिल्म में विक्रम यानी एक पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि ऋतिक रौशन काफी समय से इस फिल्म की तैयारी कर रहे हैं और वह जून के महीने से इसका पहला शेड्यूल शुरू कर देंगे। वह मई के महीने किरदार के मुताबिक फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन करेंगे। इसके लिए उन्होंने अभी से कमर कसनी शुरू कर दी है।फिल्म 'विक्रम वेधा रीमेक' का निर्देशन पुष्कर और गायत्री ही करेंगे, जिन्होंने ओरिजनल फिल्म बनाई थी। इस समय ये दोनों फिल्म के प्री-प्रोडक्शन वर्क में लगे हुए हैं और शूटिंग लोकेशन्स से लेकर कैरेक्टर्स के लुक्स फाइनल कर रहे हैं।

दर्शकों के दिल को छू लेगी 'हम हैं राही प्यार के' : पवन सिंह

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'हम हैं राही प्यार के' पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो दर्शकों के दिल को छू लेगी। यशी फिल्म्स प्रा. लि. प्रस्तुत और डिवाइन पिक्चर्स प्रा. प्रोडक्शन एवं जबावा एंटरटेनमेंट प्रा. लि. की अपकमिंग फिल्म 'हम हैं राही प्यार के' में पवन सिंह अलग ही अवतार में नजर आयेंगे। निर्देशक प्रेमांशु सिंह की 'हम हैं राही प्यार के' की शूटिंग लंदन में हुई है। इस फ़िल्म में पवन सिंह के अपोजिट साउथ की कई सफल फिल्में काम कर चुकी अभिनेत्री हर्षिका पुनिचा हैं। यह एक संपूर्ण पारिवारिक फ़िल्म होगी। फ़िल्म को लेकर पवन सिंह का कहना है कि दर्शकों ने उन्हें लगातार एक्शन करते देखा है, लेकिन फिल्म 'हम हैं राही प्यार के' थोड़ा अलग है। इसमें उन्हें एक अलग पवन सिंह मिलने वाला है। पवन सिंह ने कहा कि फिल्म 'हम हैं राही प्यार के' एक ऐसे परिवार की कहानी है, जो अपनी माटी से दूर लंदन में अपने संस्कृति और संस्कारों को जिंदा रखे हुए है। यह फ़िल्म दर्शकों के दिल को छू लेगी। उल्लेखनीय है कि फिल्म 'हम हैं राही प्यार के' में पवन सिंह और हर्षिका पुनिचा के साथ दीपक सिन्हा, पदम् सिंह, माया यादव, अनुराधा सिंह, संजय महानंदा, महिमा गुप्ता और अनन्या लीड रोल में हैं।

रबादा, जंपा सहित कई खिलाड़ी नहीं खेलेंगे पहला आईपीएल मुकाबला

नई दिल्ली (वार्ता)। आईपीएल 2021 को शुरू होने को अब मात्र एक दिन बाकी है। चेन्नई में शुक्रवार को आईपीएल के 14वें सीजन का शुभारंभ होगा, लेकिन सभी आठ टीमों के पास अभी भी उनके सभी खिलाड़ी उपलब्ध नहीं हैं। इसकी वजह जहां कुछ खिलाड़ियों के कोरोना से संक्रमित होना तो कुछ का इसी हफ्ते भारत पहुंचना है। बीसीसीआई की ओर से आईपीएल को लेकर जारी गाइडलांइस के मुताबिक प्रत्येक खिलाड़ी को टीम में शामिल होने से सात दिन के अनिवार्य क्वारंटीन में रहना होगा। ऐसे में कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो टीम के पहले आईपीएल मुकाबले से बाहर रहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स की बात करें तो उसकी तेज गेंदबाजी की रीड अनुभवी तेज गेंदबाज कैगिसो रबादा और एनरिच नोर्त्जे गत मंगलवार को ही मुंबई पहुंचे हैं और फिलहाल क्वारंटीन में हैं, जो 12 अप्रैल को खत्म होगा, जबकि दिल्ली का चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 10 अप्रैल को पहला मुकाबला है। वहीं दिल्ली के स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी कोरोना से संक्रमित हैं। अगर 10 अप्रैल से पहले वह दो बार नेगेटिव नहीं आते हैं तो वह मुकाबला नहीं खेल पाएंगे। आरसीबी के अनुभवी लेग स्पिनर एडम जंपा शादी के कारण और आरसीबी की तरफ से अपना आईपीएल पदार्पण करने वाले न्यूजीलैंड के युवा ओपनर फिन एलेन भी पहले मुकाबले से बाहर रहेंगे, क्योंकि वह सात दिन के अनिवार्य क्वारंटीन में हैं। हमवतन रबादा और नोर्त्जे के साथ छह अप्रैल को मुंबई पहुंचे तेज गेंदबाज लुंगी एनगिदी भी क्वारंटीन में होने के चलते चेन्नई सुपर किंग्स के लिए मिल्ने पहला मैच नहीं खेलेंगे।

नवाजुद्दीन और नेहा की 'जोगीरा सारा रा रा' की शूटिंग पूरी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता नवाजउद्दीन सिद्दिकी और नेहा शर्मा की आने वाली फिल्म 'जोगीरा सारा रा रा' की शूटिंग पूरी हो गयी है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नेहा शर्मा ने फिल्म 'जोगीरा सारा रा रा' की शूटिंग पूरी कर ली है। नेहा शर्मा ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर फिल्म के सेट से कई फोटोज और वीडियोज शेयर कर दी है। नेहा ने पोस्ट में लिखा, एक सुंदर यात्रा समाप्त हुई। साथ ही उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को धन्यवाद भी कहा है। फिल्म की शूटिंग मुख्य तौर पर लखनऊ और वाराणसी में हुई है। कुशान नंदी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी गालिब असद भोपाली ने लिखी है। यह फिल्म इस साल के मध्य में रिलीज हो सकती है।

एफआईए की स्टीलबर्ड के साथ सहभागिता

नई दिल्ली (वार्ता)। द फेडरेशन इंटरनेशनल ऑटोमोबाइल और स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया (स्टीलबर्ड) ने वैश्विक स्तर पर सड़क सुरक्षा के लिए मोटराइज्ड टूव्हीलर्स को सुरक्षित और प्रभावी हेलमेट प्रदान करने के लिए सहभागिता की है। विश्वव्यापी वितरण नेटवर्क, विनिर्माण क्षमता, उच्च गुणवत्ता और हेलमेट की किफायती रेंज के कारण भारतीय निर्माता और एफआईए अपने वैश्विक सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के लिए स्टीलबर्ड के साथ सहभागिता कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एफआईए के सदस्य क्लबों के विश्वव्यापी नेटवर्क के समर्थन के साथ, उन क्षेत्रों में यूनाइटेड नेशंस रेगुलेशंस 22.05 के अनुसार मानकों पर खरे उतरने वाले हेलमेट को प्रदान करता हैं, जिन क्षेत्रों के स्थानीय बाजार में कम गुणवत्ता वाले हेलमेटों के कारण दोपहिया चालकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस कार्यक्रम के लिए स्टीलबर्ड की उत्पादन क्षमता प्रति वर्ष 240,000 हेलमेट है और सभी भागीदारों के साथ इस कार्यक्रम के लिए कुल उत्पादन क्षमता प्रति वर्ष 240,000 हेलमेट तक है। एफआईए इस अति महत्वाकांक्षी पहल पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा मानकों को पूरा करने वाले मोटरसाइकिल हेलमेट को उपलब्ध करवाने की सुविधा के लिए काम कर रहा है, जो कि गर्म और आर्द्र जलवायु में भी आरामदायक है और 20 डॉलर के मूल्य के आसपास बिक्री के लिए उपलब्ध है।

स्मार्टफोन को ऑक्सीमीटर में बदलने वाला ऐप लॉन्च

नई दिल्ली (वार्ता)। डिजिटल हैल्थ स्टार्टअप एमफाईन ने स्मार्टफोन को ऑक्सीमीटर में बदलने वाला एमफाईन पल्स ऐप लॉन्च किया है। यह एक ऐप आधारित एसपीओ2 (ब्लड ऑक्सीजन सैचुरेशन) मॉनिटरिंग टूल है, जो यूज़र को बिना किसी अतिरिक्त डिवाईस के अपने शरीर में ऑक्सीजन सैचुरेशन लेवल का ट्रैक रखने में समर्थ बनाता है।

स्मार्टफोन एवं एआई का इस्तेमाल करते हुए एमफाईन पल्स यूज़ को फोन कैमरा एवं फ्लैश का इस्तेमाल कर ऑक्सीज़न सैचुरेशन नापने में मदद करता है। इसके बीटा रोल आउट में हजारों यूज़र पहले ही इस टूल का इस्तेमाल कर चुके हैं और वर्तमान में हर रोज सैकड़ों रीडिंग दर्ज की जाती हैं। टेलीमेडिसीन कंसल्टेशंस एवं सर्विसेस के दायरे से आगे बढ़ते हुए एमफाईन नैक्स्ट जनरेशन की एआई टेक्नॉलॉजीज़ पर काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य मोबाईल फोन को एक उत्तम डायग्नोस्टिक्स एवं महत्वपूर्ण वाईटल्स मॉनिटरिंग टूल में परिवर्तित करना है। एमफाईन आने वाले दिनों में इस तरह के अन्य वाईटल्स मॉनिटरिंग एवं डायग्नोस्टिक्स टूल्स लॉन्च करेगा और वाईटल्स की ट्रैकिंग के लिए परीक्षण के नए टूल के रूप में स्मार्टफोंस का उपयोग बढ़ाएगा। एमफाईन ने एक प्रोप्रायटरी एलगोरिद्म बनाई है, जो स्मार्टफोन कैमरा का इस्तेमाल कर ऑक्सीज़न सैचुरेशन नापता है। स्मार्टफोन कैमरा का इस्तेमाल कर यूज़र की उंगली से फोटोप्लेथाईज़्मोग्राम (पीपीजी) सिग्नल प्राप्त किया जाता है।

सिट्रॉइन सी5 एयरक्रॉस एसयूवी भारत में लॉन्च

नई दिल्ली (वार्ता)। यात्री वाहन बनाने वाली फ्रांस की कंपनी सिट्रॉइन ने आज भारतीय बाजार में अपनी नई एसयूवी कार सी 5एयरक्रॉस लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 29.90लाख रुपए है। कंपनी ने इसे लॉन्च करते हुए कहा की उसकी नई एसयूवी 10 शहरों में मौजूद ला मैसन सिट्रॉइन फिजिटल शोरूमों में उपलब्ध है। सिट्रॉइन सी5 एयरक्रॉस एसयूवी की खरीद सीधे फैक्ट्री से 100 प्रतिशत ऑनलाइन तरीके से भी की जा सकती है और पूरे भारत में 50 से अधिक शहरों में डोरस्टेप डिलीवरी भी दी जाएगी।

कंपनी मुख्य कार्यकारी अधिकारी विंसेंट कोबी ने कहा, ''सिट्रॉइन सी 5 एयरक्रॉस एसयूवी को भारत लॉन्च करना सिट्रॉइन में हम सभी के लिए बहुत ही गर्व का क्षण है। सिट्रॉइन सी5 एयरक्रॉस एसयूवी निश्चित रूप से बाजार की अपेक्षाओं से भी ऊपर है और जो डिजाइन, कम्फर्ट, रूमीनेस, इक्विपमेंट और पावरट्रेन के संदर्भ में सभी आवश्यकताओं को पूरा करती है। इसकी अंतरराष्ट्रीय सफलता और आधुनिक तकनीक निश्चित रूप से भारतीय ग्राहकों को संतुष्ट करेगी, जो विश्व स्तरीय उत्पाद के सही हकदार हैं। इस लॉन्च के साथ, सिट्रॉइन ने भारत में एक नया अध्याय शुरू किया है और बी-सेगमेंट की कारों के हमारे परिवार की पहली गाड़ी के सामने आने के बाद आप आने वाले महीनों में हमसे और बड़ी उम्मीदें लगा सकते हैं।''

माय टीम 11 ने लॉन्च किया इंडियन टी-20 सीज़न कैंपेन ''अब पूरा इंडिया खेलेगा''

जयपुर (वार्ता)। भारत के अग्रणी फैन्टेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म्स में से एक माय टीम 11 ने भारतीय टी20 सीज़न के लिए अपने कैंपेन 'अब पूरा इंडिया खेलेगा' का अनावरण किया। इस कैंपेन के द्वारा माय टीम 11 फैंटेसी क्रिकेट की सार्वजनिकता को दर्शाना चाहता है और हर भारतीय परिवार को उनके पसंदीदा खेल, खिलाड़ियों एवं टीमों के प्रति जूनून के माध्यम से जोड़ने का प्रयास करना चाहता है।

कैंपेन का लॉन्च तीन वीडियोज़ के साथ किया गया, जिसमें एक पिता और बेटे के बीच के भावुक रिश्ते को दर्शाया गया है। इसमें बताया गया है कि भारतीय परिवार किस तरह क्रिकेट के खेल से जुड़े हुए हैं, खासतौर पर दुनिया के सबसे बड़ी टी20 क्रिकेट लीग के साथ उनका विशेष लगाव है। यह कैंपेन इस तथ्य पर भी रोशनी डालेगा कि माय टीम 11 पर फैंटेसी क्रिकेट हर किसी के लिए बना है और बताएगा कि कैसे यह यूज़र-फ्रैंडली ऐप्लीकेशन्स फैंटेसी क्रिकेट को आसान बना रहा हैं। हर वीडियो की कहानी यह दर्शाती है कि बेटा स्मार्ट, टेक-सेवी और फैंटेसी क्रिकेट के प्रति उत्साही है तथा मायटीम 11 का यूज़र है। उसका मानना है कि उनके पिता फैंटेसी क्रिकेट के बारे में कुछ नहीं जानते और उनकी बातों की अनदेखी करता रहता है। हालांकि हर फिल्म में पिता माय टीम 11 से पूरी तरह परिचित है और अपने बेटे की तुलना में कहीं अधिक स्मार्ट है, क्रिकेट के बारे में पूरी समझ रखते हुए सोच-समझ कर विकल्प चुनते हैं। और पिता के इस व्यवहार को देखकर बेटा हैरान रह जाता है। कैंपेन के मुख्य किरदार फिल्म एवं टीवी जगत के जाने-माने अभिनेता कंवलजीत सिंह ने निभाया है जो पिता की भूमिका में हैं, वहीं बेटे की भूमिका छिछोरे और आश्रम के स्टार तुषार पांडेय ने निभाई है। कैंपेन के बारे में बात करते हुए मानवेन्द्र सिंह राठौ़ड, सीएमओ, माय टीम 11 ने कहा, ''समय के साथ पिता और बेटे के बीच के रिश्ते में बदलाव आया है।

ओलंपिक भारत अब 11 अप्रैल को एफआईएच हॉकी प्रो लीग मुकाबले में अर्जेंटीना से भिड़ेगा

भारतीय टीम ने अर्जेंटीना से खेला 4-4 से ड्रॉ

ब्यूनस आयर्स (वार्ता)। भारतीय हॉकी टीम से यहां मंगलवार को पहले अभ्यास मैच में 3-4 से हारने के बाद ओलंपिक चैंपियन अर्जेंटीना ने बुधवार को खेले गए दूसरे अभ्यास मैच में भारत के साथ तनावपूर्ण मुकाबला 4-4 से ड्रॉ खेला । भारत अब 11 अप्रैल को एफआईएच हॉकी प्रो लीग मुकाबले में अर्जेंटीना से भिड़ेगा।

भारत की तरफ से वरुण कुमार ने सातवें और 44वें, राजकुमार पाल ने 13वें, रुपिंदर पाल सिंह ने 14वें मिनट में गोल दागे, जबकि मेजबान टीम की तरफ से लिंड्रो टोलिनी ने दसवें, लुकास टोसकानी ने 23वें, इग्नाशियो ओर्टिज ने 42वें और लुकास ने 57वें मिनट में गोल किए। भारतीय टीम ने पहले ही क्वार्टर में तीन गोल करते हुए मैच की शानदार शुरूआत की। पहले गोल का श्रेय मंदीप सिंह को मिला, जिन्होंने मैच के सातवें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर दिलाने मदद की, जिसे ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार ने शानदार गोल में तब्दील कर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन अर्जेंटीना ने भी जोश दिखाया और वह 10वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में कामयाब हुआ, जिसे पिछले अभ्यास मैच में दो शानदार गोल दागने वाले लिंड्रो टोलिनि के शानदार ड्रैगफ्लिक के जरिए गोल में बदला, जिसने अर्जेंटीना को 1-1 की बराबरी पर पहुंचा दिया । हालांकि भारत ने 13वें मिनट में राजकुमार पाल के नीलकांत शर्मा की मदद से शानदार गोल की बदौलत फिर 2-1 की बढ़त बना ली और फिर अगले ही मिनट में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे फॉरवर्ड ललित उपाध्याय ने रुपिंदर पाल सिंह के सहयोग से गोल में बदला और भारत की बढ़त को 3-1 से आगे कर दिया।

दूसरे क्वार्टर की शुरूआत से ही दोनों टीमों ने पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली, हालांकि 23वें मिनट में अर्जेंटीना के लुकास टोसकानी ने शानदार गोल करके 3-2 पर पहुंच कर बढ़त के अंतर को कम किया। मौके की नजाकत को समझते हुए भारत ने आक्रामक अंदाज में जवाबी हमला किया, जिसकी बदौलत उसे दो मौके मिले, लेकिन वह गोल करने में नाकाम रहा।

10 मिनट के हाफटाइम ब्रेक के बाद तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने हावी होने की कोशिश की और जोश के साथ खेल खेला और आखिरकार अर्जेंटीना पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में कामयाब हुआ और उसके मिडफील्डर इग्नाशियो ओर्टिज ने शानदार गोल दाग कर स्कोर को 3-3 से बराबर कर दिया।

फखर जमान का शतक, पाकिस्तान ने जीती वनडे सीरीज

सेंचुरियन (वार्ता)। सलामी बल्लेबाज फखर जमान (101) के लगातार दूसरे शतक और कप्तान बाबर आजम की 94 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को तीसरे और निर्णायक वनडे में बुधवार को 28 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली।

पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट पर 320 रन का मजबूत स्कोर बनाया जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम 49.3 ओवर में 292 रन पर सिमट गयी। पाकिस्तान की तरफ से शाहीन आफरीदी ने 58 रन पर तीन विकेट और मोहम्मद नवाज ने 34 रन पर तीन विकेट लिए। दोनों टीमें अब 10 अप्रैल से चार मैचों की टी-20 सीरीज खेलेंगी।

कैंसर के रोकथाम में जागरूकता बेहद महत्वपूर्ण: आरजीसीआईआरसी

नई दिल्ली (वार्ता)। नियमित स्क्रीनिंग के माध्यम से 50 प्रतिशत से अधिक कैंसर को आसानी से रोका जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी), के विशेषज्ञों ने कैंसर और उसे रोकने के लिए नियमित जांच की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने की बात पर जोर दिया है। प्रति वर्ष कैंसर से लाखों मौतों की रोकथाम के प्रति शिक्षा के माध्यम से लोगों के बीच जागरूकता बहुत जरूरी है।

आरजीसीआईआरसी के चेयर मेडिकल ओंकोलॉजी तथा ब्रेस्ट एवं सार्कोमा सर्विसेज के प्रमुख डॉ. डी. सी. डोवल ने कहा, ''स्तन कैंसर को लेकर लोगों में जानकारी की कमी है। लोग अक्सर दूसरों के अनुभव का अनुसरण करते हैं, लेकिन उन्हें समझना चाहिए कि हर स्तन कैंसर अपने आप में दूसरे से अलग होता है और इसीलिए उसका इलाज, कारण एवं परिणाम भी अलग होता है। उन्होंने कहा कि, स्तन कैंसर का जल्दी पता चलने पर नई टेक्नोलॉजी की मदद से इलाज के बाद स्तन सुरक्षित रखना संभव हो पाता है।'' डॉ. डोवल ने कहा कि, ''हाल के वर्षों में, बहुत सारी प्रगति हुई है। पारंपरिक कीमोथेरेपी को अन्य थेरेपी जैसे एंडोक्राइन थेरेपी, टोर्गेटेड थेरेपी या इम्यूनोथेरेपी के साथ पूरक किया जा रहा है। डॉ. डोवल ने कहा कि स्तन कैंसर का प्रबंधन मल्टी मॉडल उपचार का सही उदाहरण है।

तालाबों का कम से कम इस्तेमाल करने कलेक्टर की सलाह

भाटापारा। सार्वजनिक तालाबों के उपयोग में सामाजिक दूरी के नियमों की अनदेखी और गुड़ाखू सेवन कर थूकने से भी कोरोना फैलने की संभावना रहती है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने जिले में गंभीर संक्रमण के हालात को देखते हुए तालाबों में गुड़ाखू सेवन से बचते हुए तालाबो के कम से कम इस्तेमाल करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है पिछ्ले कुछ दिनों में जिले में कोरोना मरीज़ों की संख्या में एकाएक उभार आया है। मंगलवार 6 अप्रैल को जिले में 209 मरीज़ और इसके दूसरे दिन 7 अप्रैल को एक साथ 465 मरीज़ सामने आये है। इतनी बड़ी संख्या में एक साथ आये मरीजों के कारणों का विश्लेषण किया गया है। पता चला है कि तालाब के घाटों में भीड़-भाड़ एवं यहां गुड़ाखू सेवन कर थूकने तथा इनका अत्यधिक उपयोग भी एक कारण हो सकता है। लिहाजा कलेक्टर ने गंभीर संक्रमण के खत्म होते तक तालाब घाटों में गुड़ाखू सेवन नहीं करने और तालाबों का कम से कम इस्तेमाल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर लोग-बाग पचरी घाटों पर इत्मीनान से बैठकर गुड़ाखू घीसते रहते देखे गए हैं। इस दौरान बातें करते हुए इर्द-गिर्द बार-बार थूकते पाए गए हैं। थूकने के दौरान यदि व्यक्ति कोरोना संक्रमित हों तो कोरोना युक्त लार की बूंदे आसपास व्यक्ति को संक्रमित कर सकती हैं।सामान्य तौर पर किसी को मालूम नहीं रहता कि उनके आस-पास भी कोई कोरोना संक्रमित व्यक्ति मौजूद है। पिछ्ले दिनों इन्ही कारणों से कुछ गांव में कोरोना के संक्रमण बड़ी संख्या में प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि तालाब में निस्तारी के लिए जाना जरूरी हुआ तो सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाये। गुड़ाखू का सेवन न करें।

बड़ा फैसला : कोविड केयर सेंटरों में बढ़ेगी बेड की संख्या

भाटापारा। जिले के कोविड केयर सेंटरों में 280 बेड और बढ़ाए जा रहे हैं। इस व्यवस्था के बाद सेंटरों में बिस्तरों की संख्या पूरे एक हजार हो जाएगी। इस काम को कर लेने के बाद अब ध्यान, हर संभावित विकल्प पर हैं जो प्रतिकूल परिस्थितियों के दौरान काम आ सके।लापरवाही के बाद बढ़ते संक्रमण के मामले पर प्रशासन की पूरी नजर है। सलाह, हिदायत, फिर धारा- 144 के बाद भी व्यवहार में परिवर्तन नहीं आता देख अब जिले में भी लॉकडाउन की परिस्थितियां बनती दिखाई देने लगी है। संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखने के बाद जिला प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था बनाते हुए कोविड केयर सेंटरों में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने की तैयारी चालू कर दी है। इसके अलावा हर निजी अस्पताल और स्कूल भवनों को प्रतिकूल परिस्थितियों के दौरान विकल्प के रूप में रखने पर भी मंथन का दौर चालू हो चुका है।

निधन

रूप कुमारी साहू

भाटापारा। नया गंज वार्ड भाटापारा निवासी शोभा राम साहू की पत्नी श्रीमती रूप कुमारी साहू उम्र 67 का निधन हो गया वे प्रतिष्ठित समाजसेवी रूपेंद्र साहू की माँ थी। उनके निधन पर समाज के लोगो ने गहरा शोक व्यक्त किया है ।

कोविड केयर सेंटर में इलाज के अभाव में एक मरीज की हुई मौत

मृतक के परिजनो ने केयर सेंटर के बाहर किया हंगामा

96 घंटे से कोविड केयर सेंटर में नही पहुचा कोई डाक्टर, इलाज तो दूर सेंटर में कोई डाक्टर या कर्मचारी झांकने नही आते

कोविड सेंटर में भर्ती मरीजो ने सुनाया दुखडा और कहा की हमे छुटटी दिलाओ, हम अपने घर में जी या मर लेंगे

आरोप | कोविड मरीजो ने कहा की यंहा पर मरीजो के जान से हो रहा है खिलवाड

> खोर्राटोला निवासी षुकलाल खरे की मौत पर मृतक के परिजनो ने घटना के तुरंत बाद तहसीलदार व विधायक को मामले की षिकायत कर दोशी बीएमओ व बीपीएम पर कार्रवाई की मांग की। तहसीदार एच.एन.खुंटे ने परिजनो को ढांढस बंधाया की मामले की जांच कराई जाएगी। दोशियो पर कार्रवाई होगी।
>
> **एच.एन.खुंटें,** तहसीलदार
>
> जिला अस्पताल में बेड नही होने के कारण मरीज को रास्ते से ही लौटकर चैकी लाया गया था। और कोविड केयर सेंटर में रखा गया था। जंहा उसकी अचानक तबियत बिगडी और मृत्यु हो गई।
>
> **डॉ आर.आर.ध्रुर्वे,** बीएमओ

अंबागढ़ चौकी। बुधवार की रात कोविड केयर सेंटर में इलाज के अभाव में खोर्राटोला निवासी 60 वर्शीय षुकलाल खरे की मौत हो गई है। मृतक के परिजनो का आरोप है की अंबागढ चैकी के कोविड केयर सेंटर में बीमारो का उपचार नही किया जा रहा है बल्कि गरीब वर्ग के असहाय मरीजो को जान से मारा जा रहा है। इलाज के नाम पर यंहा केवल भर्ती किए जाने के बाद दवाई दे दी जाती है उसके बाद यंहा मरीज की पुछपरख तो दूर उसे जरूरत की दवाईया एवं चिकित्सीय सुविधाए नही दी जातीं है जिससे मरीज इलाज के अभाव में दम तोड देता है। स्वास्थ्य विभाग व प्रषासन की लापरवाहियो से नाराज मृतक के परिजनो ने 61 वर्शीय अधेड षुकलाल खरे की मौत के लिए बीएमओ व बीपीएम को जिम्मेदार ठहराते हुए इनके खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग की है।

विकासखंण्ड के ग्राम खोर्राटोला निवासी नोवेन्द्र, व जितेन्द्र खरे ने बताया की बुधवार की दोपहर उनके पिता षुकलाल खरे को पीठ सीने एवं रीढ की हडडी में दर्द की षिकायत हुई तो 108 को काल कर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। यंहा पर उनके पिता की एंटीजन टेस्ट किया गया और उनकी रिपोर्ट पाजिटीव आई। उसके बाद डयूटी में मौजुद चिकित्सा स्टाप व बीएमओ डॉ आर.आर.ध्रुवे ने बताया की षुकलाल को ष्वासं लेने में तकलीफ आ रही है। इसके बाद षुकलाल को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन मरीज को डोंगरगांव पहुचने से पहले ही बीच रास्ते से वापस चैकी लाकर नगर के वार्ड 1 मेंरेंगाव में स्थित कोविड केयर सेंटर में डाल दिया गया। मृतक के पुत्र ने बताया की उसके पिता की स्थिती गंभीर थी इसलिए उसे राजनांदगांव रेफर किया गया। लेकिन उन्हे बीच रास्ते से वापस क्यो लौटाया गया और अंबागढ चैकी के कोविड केयर सेंटर में जंहा किसी तरह की कोई आक्सीजन बेड या अन्य चिकित्सीय सुविधा नही है वंहा भर्ती कर दिया गया।

अव्यवस्थाओं के बीच वैक्सिन टीका लगाने को मजबूर अस्पताल प्रबंधन पर सवाल

देवभोग। वर्तमान मैं कोरेना भयावह स्थिति को देख 45 वर्ष के लोगों को वैक्सीन लगाया जा रहा है। और वैक्सीन लगाने से पहले अस्पताल प्रबंधन को पूरी तरह तैयारी कर लेने के लिए भी दिशा निर्देश जारी किया गया था। बावजूद इसके मुख्यालय के अस्पताल पर अव्यवस्थाओं के बीच 45 वर्ष के लोगों को वैक्सीन टीका लगाना पड़ रहा है। इन दिनों दर्जनों की संख्या में एक साथ 45 वर्षों के लोग वैक्सीन लगाने के लिए पहुंच रहे हैं और उन्हें अव्यवस्थाओं के बीच वैक्सीन लगाना मजबूरी हो गया है । ना लोगों को छांव में बैठने की जगह है और ना वैक्सीन लगाकर ठहरने की व्यवस्था है। ऐसे में स्वाभाविक है वैक्सीन लगाने में अधिकांश लोग रुचि नहीं लेंगे। बावजूद इसके अस्पताल प्रबंधन लापरवाही बरत रहा है। जबकि प्रशासन द्वारा पखवाड़े भर पहले अस्पताल में वैक्सीन लगाने के लिए समुचित व्यवस्था करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किया रहा। ताकि किसी तरह आम लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। लेकिन अस्पताल प्रबंधन की उदासीनता रवैया के चलते आज कई लोगों को तरह-तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा कोरेना के डर के बीच भी वैक्सीन लगाने के लिए मजबूर है। क्योंकि अस्पताल प्रांगण की तस्वीरें देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि वर्तमान कोरेना को लेकर अस्पताल प्रबंधन कितना गंभीर है। बेपरवाह लोगों के साथ अस्पताल कर्मचारियों द्वारा भी कोरोना की गाइडलाइन का पालन नहीं किया जाता। आज भी कुछ इस तरह देखने को मिला जहां वैक्सीन लगाने पहुंचे दर्जनों की संख्या में लोगों के बीच ना सोशल डिस्टेंस दिखा और ना मास्क चेहरे पर नजर आई जबकि वर्तमान में कोरोना की वह भयावह स्थिति देख काफी ज्यादा सावधानी बरतने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

गांव में हुई अंधड़ बारिश, ओले भी गिरे

बालोद। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार की शाम को बेमौसम बारिश हुई हालांकि मौसम विभाग द्वारा इसको लेकर 1 दिन पहले से ही अलर्ट जारी किया गया था शाम को 4 बजे के आसपास मौसम में बदलाव हुआ और अचानक बारिश होने लगी बड़ी बड़ी बूंदों के साथ अंधड़ बारिश ने कुछ जगह जनजीवन को काफी प्रभावित भी किया दिन भर लोगों को गर्मी ने परेशान किया था। शाम को 15 मिनट से आधे

घंटे के बीच हुई बारिश ने कुछ हद तक गर्मी से राहत तो दी लेकिन इसके बाद उमस इस तेजी से बढ़ा कि लोग देर शाम तक फिर परेशान रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं-कहीं ओले गिरने की भी खबर है। वहीं इस अंधड़ बारिश से किसानों को रबी फसल को नुकसान होने का डर है। जो धान की फसल तैयार हो रही है। वहां तेज अंधड़ से फसल के गिरने यानी झुकने का डर बना हुआ है। परसदा, सांकरा ज के किसानों का कहना है कि जब पानी की जरूरत होती है तो बारिश नहीं हो पाती नहर के भरोसे सिंचाई करनी पड़ती है अब जब कई जगह पानी की जरूरत नहीं है ऐसे में अंधड़ और बारिश रबी फसल के लिए खतरा ही साबित हो सकता है अगर इस तरह के मौसम में बदलाव फिर आए तो फिर नुकसान और ज्यादा बढ़ सकता है।

गिरे छोटे आकार के ओले

ग्राम जगन्नाथपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ-कुछ जगह छोटे आकार के ओले भी गिरे हैं हालांकि खंड वर्षा हुई कहीं बारिश हुई तो कहीं नहीं हुई कहीं धूप खिला रहा और बारिश भी होती रही इस दौरान कुछ देर के लिए बिजली गुल भी हुई।

मैनपुर में बढ़ रहा मरीजो की संख्या, आज 6 मिले

लगातार जारी है चालानी कार्यवाही बावजूद लोगो की लापरवाही नही हो रही है कम

मैनपुर। गरियाबंद जिले सहित आदिवासी विकासखंड मैनपुर में इस समय कोरोना का विकराल संकट छाया हुआ है मैनपुर क्षेत्र में बीते एक सप्ताह के भीतर लगातार कोरोना मरीजों की संख्या बढती जा रही है, और कोरोना से मौत के भी आकडे सामने देखने को मिला है बावजूद इसके लापरवाही थमने का नाम नही ले रहा है, एक तरफप्रशासन लगातार लोगो को शासन द्वारा जारी गाईडलाईन का पालन करने अपील कर रहे है, बावजूद इसके कई लोग गाईडलाईन का पालन नही कर रहे है और व स्वंय के साथ दुसरों के लिए भी खतरा उत्पन्न कर रहे है इसी लापरवाही के चलते लगातार कोरोना संक्रमण के मामले बढने लगा है, मंगलवार को फिर एक बार मैनपुर नगर में कोरोना मरीजों की संख्या बढ गई है स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर नगर में मंगलवार को 07 नये कोरोना मरीजों की संख्या सामने आई है तो

वहीं आज गुरूवार को 06 मरीज सामने आये है अब मैनपुर नगर में भी लगातार कोरोना मरीजों की संख्या बढती जा रही है। मैनपुर के बीएमओं डॉ गजेन्द्र ध्रुव ने बताया कि मंगलवार को मैनपुर नगर में 07 नये कोरोना मरीज की पुष्टि की है आज गुरूवार को 06 मरीज सामने आये है।

ठाकुर देव मोहल्ले मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर किया गया कोरोना टेस्ट, दो की रिपोर्ट पॉजीटिव

प्रथम पृष्ठ का शेष...

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री...

द्वारा आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण दिए जाने के बावजूद को-वैक्सीन का उपयोग करने से इंकार कर दिया है। राज्य सरकार अपने कार्यों से लोगों की जान संकट में ही नहीं डाल रही बल्कि दुनिया में गलत संदेश भी दे रही है।

प्रधानमंत्री ने ली कोरोना...

जाने के बाद नर्स निशा शर्मा ने कहा, 'मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टीके की दूसरी डोज दी। उन्होंने हमसे बात की। उन्हें वैक्सीन देना और उनसे मिलना मेरे लिए यादगार लम्हा है।'

एक मार्च को पीएम मोदी ने ली थी वैक्सीन की पहली डोज

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वैक्सीन की पहली डोज 1 मार्च को ली थी। इसी दिन देश में टीकाकरण का दूसरा चरण शुरू हुआ था। पीएम मोदी ने उस वक्त अचानक एम्स पहुंचकर टीका लगवाया था। उस समय भी पीएम मोदी को पुडुचेरी की सिस्टर पी. निवेदा ने ही कोरोना टीका लगाया था।

संक्रमण को रोकने के लिए...

को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर बड़े शहरों में कंटेनमेंट एरिया भी बनाए जाएंगे।

'अस्पतालों में बढ़ायी जा रही है बेडों की संख्या'

सीएम शिवराज ने कहा कि इन उपायों के साथ-साथ इलाज की व्यवस्था के विस्तार पर भी राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश में बिस्तरों की संख्या 36 हजार से बढ़ाकर एक लाख की जा रही है। प्रत्येक जिले में कोविड केयर सेंटर स्थापित किया जा रहा है। शासकीय चिकित्सालयों के साथ निजी अस्पतालों का सहयोग भी लिया जा रहा है। राज्य शासन निजी अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की व्यवस्था भी कर रही है। भोपाल में पीपुल्स और जे.के. अस्पताल में व्यवस्था की जा रही है। इंदौर और अन्य शहरों में भी निजी अस्पतालों की क्षमता का उपयोग करने संबंधी निर्देश दिए गए हैं।

माइक्रो कंटेनमेंट जोन...

फॉलो करते हैं तो, वहीं स्थिति जहां से हम नीचे आए थे, एक बार फिर होगी।

युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरतः पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना से लड़ने के लिए फिर से युद्धस्तर पर काम करने की आवश्यकता है। सभी चुनौतियों के बावजूद, हमारे पार एक बेहत अनुभव, संसाधन और एक टीका है।

अधिकांश राज्यों में प्रशासन भी शिथिलः पीएम मोदी ने कहा कि हमें दूसरी बार कोरोना मामलों में उछाल से हमें लड़ने की जरूरत है। महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, पंजाब सहित कई राज्यों में पहली लहर से ज्याद केस सामने आए हैं जो कि एक चिंता का विषय है, लोग सहमे हुए हैं, अधिकांश राज्यों में प्रशासन भी शिथिल हो गया है।

एक चुनौतीपूर्ण स्थिति फिर से उभर रही है

मुख्यमंत्री के साथ बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि एक चुनौतीपूर्ण स्थिति फिर से उभर रही है। मैं आप सभी से कोविड-19 स्थिति से निपटने के लिए अपने सुझाव देने का अनुरोध करता हूं। बता दें कि इस बैठक में पीएम मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए हैं।

भारत पर साइबर हमला...

वर्षों से इस मामले में एक अंतर आया। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में चीन, भारत से आगे है। जनरल रावत ने कहा, हम जानते हैं कि चीन हम पर साइबर हमले शुरू करने में सक्षम है और यह हमारे सिस्टम को बड़े पैमाने पर बाधित कर सकता है

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर-8 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Email ID emzoneii@yahoo.com GST No.22AAECA978302ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू रायपुर में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक-423 श्रीमती किरण सुखीजा पति श्री शैलेन्द्र सुखीजा को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 13.04.2006 को अपने नाम पर सेलडीड/ लीजडीड पंजीकृत कराने एवं विक्रय की अनुमति प्राप्त करने के उपरांत दिनांक 25.07.2012 को श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता पति श्री अंशुमन गुप्ता निवासी-एलआईजी-423 सेक्टर 03, हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू रायपुर तहसील व जिला-रायपुर को विक्रय किया गया है एवं वर्तमान में क्रेता द्वारा नामांतरण करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर (छ.ग.)
Office Phone No.07782-222224,223443 Email ID-eejag-phe-cg@nic.in
ई- प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)

नि.क्र./ज.जी.मि.-79 to 88/नि.प्र./का.अ./लो.स्वा.यां.खं./2021 जगदलपुर, दिनांक 26.03.2021

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र ए में आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा सूचना क्रमांक	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का नाम/विकासखण्ड/ग्राम का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)
79/26.03.2021	75514	एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना/दरभा/मादरकोण्टा	14.63
80/26.03.2021	75514	रेट्रोफिटिंग ग्राम नलजल प्रदाय योजना/ बस्तर/जामगांव	22.82
81/26.03.2021	75516	रेट्रोफिटिंग ग्राम नलजल प्रदाय योजना/ बस्तर/विश्रामपुरी	34.80
82/26.03.2021	75531	रेट्रोफिटिंग ग्राम नलजल प्रदाय योजना/ बस्तर/ नहरनी	28.47
83/26.03.2021	75533	रेट्रोफिटिंग ग्राम नलजल प्रदाय योजना/ बस्तर/ तुरपुरा-01	18.99
84/26.03.2021	75534	रेट्रोफिटिंग ग्राम नलजल प्रदाय योजना/ बस्तर/ सितलावण्ड	35.47
85/26.03.2021	75554	रेट्रोफिटिंग ग्राम नलजल प्रदाय योजना/ बस्तर/ पल्लीभाटा	35.55
86/26.03.2021	75559	रेट्रोफिटिंग ग्राम नलजल प्रदाय योजना/ बस्तर/ फाफनी	40.08
87/26.03.2021	75560	रेट्रोफिटिंग ग्राम नलजल प्रदाय योजना/ बस्तर/ मुरकुची	39.74
88/26.03.2021	75561	रेट्रोफिटिंग ग्राम नलजल प्रदाय योजना/ बस्तर/ केशरपाल	36.54

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा दिनांक 20.04.2021 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-60091/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जगदलपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा के न्यायालय में मामला क्रमांक
201912211100019/20
विषय-अ-20(3) मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2019-20
पटपर प.ह.नं. 00039 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - दीपक गुप्ता
अनावेदक पक्षकार - राजकुमारी, माया, अनिता, सीमा, ज्योति, प्रीति, रीता, नीतेश

ईश्तहार

सर्वसाधारण जनता भाटापारा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. भाटापारा तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक गुप्ता पिता स्व. मोहनलाल गुप्ता निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. द्वारा रा.संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र पेश किया है कि ग्राम भाटापारा स्थित भूमि शीट क्रमांक 18 ब भूखंड क्र. 172, 175/2, 224/2 क्षेत्रफल क्रमशः 127 वर्गमीटर, 126 वर्गमीटर, 97.89 वर्गमीटर निर्धारित, 18.40, 18.30, 14.21 रुपए नजूल अभिलेख में सुशीला बाई पति श्री मोहनलाल गुप्ता के नाम पर दर्ज है। धारक सुशीलाबाई पति मोहनलाल गुप्ता की मृत्यु दिनांक 11.03.2010 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा मृतका सुशीलाबाई का नाम विलोपित करते हुए उक्त भूमि पर उसके वारिसान दीपक, राजकुमारी, माया, अनिता, सीमा, ज्योति, प्रीति, रीता, नीतेश, साकेत के नाम पर दर्ज किए जाने का निवेदन किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव धारक सुशीलाबाई पति मोहनलाल गुप्ता की मृत्यु हो जाने से उनका नाम विलोपित कर उसके वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 12/04/2021 तक न्यायालयीन अवधि में मेरे न्यायालय में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.03.2021 को जारी किया जाता है।

सील
INDIRA DEOHARI
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भाटापारा

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी सेजबहार, जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत भवन क्रमांक एल.आई.जी.-588 (1) श्रीमती सुचिता राजहंस पति श्री विशाल राजहंस (2) श्रीमती आशा बिलथरे पति श्री श्याम बिहारी बिलथरे के नाम पर भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का सेलडीड दिनांक 06.03.2012 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में मूल आबंटी क्र. 01 श्रीमती सुचिता राजहंस पति श्री विशाल राजहंस निवासी-एचआईजी-77, हुडको भिलाई , जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को सह आबंटी क्र. 02 श्रीमती आशा बिलथरे पति श्री श्यामबिहार बिलथरे निवासी-प्रोफेसर कालोनी महामाई पारा रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में हकत्याग करना चाहती है। हकत्याग अनुमति हेतु आवेदन पत्र, सेलडीड विलेख की छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को सहआबंटी श्रीमती आशा बिलथरे पति श्री श्याम बिहारी बिलथरे निवासी- प्रोफेसर कालोनी, महामाई पारा, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में हकत्याग हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के हकत्याग करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. /20-21
वार्ड का नाम- शंकर नगर-30

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-30 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ बी-18 जीवन अपार्टमेंट जो कि निगम अभिलेख में श्री बलीराम गौतम s/o स्व. शत्रुहन सिंह गौतम के नाम से दर्ज है, जिसको श्री विवेक गौतम s/o स्व. बलीराम सिंह गौतम रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी सेजबहार, रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत भवन क्रमांक एल.आई.जी.-141, के मूल आबंटी श्री गोपाल भारती पिता श्री गरीबा भारती पता-टिकरापारा, सिद्धार्थ कालोनी, रायपुर (छ.ग.) की मृत्यु दिनांक 27.04.2020 को हो जाने के कारण उनके वारिसान पुत्र श्री याकूब भारती पिता स्व. श्री गोपाल भारती, पता- म.नं.-27 बी.एस.यू. कालोनी सिमरन सिटी फेस-05 मठपुरैना, रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन, पारिवारिक सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भवन श्री याकूब भारती पिता स्व. श्री गोपाल भारती पता- म.नं.27, बी.एस.यू. कालोनी, सिमरन सिटी फेस-05, मठपुरैना, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर मृत्यु उपरांत नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था निकाय अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के मृत्यु उपरांत नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी बेलभाठा (अभनपुर) जिला-रायपुर में निर्मित अटल आवास योजनांतर्गत भवन क्र.-336, श्रीमती बुधयारिन बाई पति स्व. श्री रामअंजोर डहरिया के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 4392 दिनांक 31.10.2008 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। वर्तमान में आबंटी श्रीमती बुधयारिन बाई पति स्व. श्री रामअंजोर डहरिया निवासी- ग्राम बेलभाठा तहसील अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री हितेन्द्र तिवारी पिता स्व. श्री उमाशंकर तिवारी निवासी- वार्ड नं. 19, बिरकोनी, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता श्री हितेन्द्र तिवारी पिता स्व. श्री उमाशंकर तिवारी के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास)
जिला - गरियाबंद (छ.ग.)
E-mail : dpowcdgariyaband@gmail.com

क्रमांक/11/मबावि./पो.आ./2021 गरियाबंद, दिनांक 05.04.2021

// विज्ञापन //

महिला स्व सहायता समूहों से रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार प्रदाय करने हेतु प्रस्ताव का आमंत्रण

महिला एवं बाल विकास जिला-गरियाबंद (छ.ग.) की अधोलिखित बाल विकास परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार प्रदाय हेतु सक्षम स्थानीय (सेक्टर पर्यवेक्षक क्षेत्र अंतर्गत स्थित गराम) महिला स्व सहायता समूहों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। प्रस्ताव हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय से कार्यालयीन समय में **दिनांक 08.04.2021 से दिनांक 01.05.2021** तक प्राप्त किया जा सकता है तथा **दिनांक 03.05.2021 अपरान्ह 04.00 बजे तक** आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। कार्य से संबंधित शर्तें व विस्तृत विवरण 01 दिवस पूर्व तक कार्यालयीन समय में इस कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

क्रमांक	परियोजना का नाम	सेक्टर का नाम जहां प्रदाय किया जाना है।	सेक्टर में आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या
1	2	3	4
1	मैनपुर	उरमाल	34
2		झरगांव	31
3		इंदागांव	32

जी-60103/2

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

अवैध प्लाटिंग का कारोबार करने वालों पर जिला प्रशासन मेहरबान?

कलेक्टर के नाक के नीचे चल रहा अवैध प्लाटिंग का कारोबार?

जीवन एस साहू

गरियाबंद (नवप्रदेश)। लगातार चल रहे कृषि भूमि पर अवैधानिक प्लाटिंग का कारोबार। गरियाबंद में चल रहे रावणभाठा,टोनही नाला,ग्राम आमदी (म) वार्ड 07 मजरकटा,भिलाई खार,होटल रेसिडेंस से लेकर पाथर मोहंदा कछार तक प्लाटिंग कर अधे से ज्यादा कृषि भूमि को अवैधानिक तरीके से प्लाटिंग कर अन्य लोगों के नाम पर रजिस्ट्री कर बेचे जाने का कारोबार जोरों से चल रहा है। जिससे शहरी क्षेत्र के अनियंत्रित विकास को बढ़ावा मिल रहा है। कृषि भूमि को छोटे - छोटे टुकड़ो में बेचने से एक ओर जहाँ नक्शों का अद्यतीकरण नहीं हो पा रहा है वहीं दूसरी ओर सीमांकन का कार्य भी नहीं हो पा रहा है। जिससे भूमि विवाद में लगातार वृद्धि हो रही है। छत्तीसगढ़ भू - राजस्व संहिता की धारा 98 के अंतर्गत बनाये गये नियमों में यह स्पष्ट प्रावधान है कि कृषि भूमि का 0.05 एकड़ अथवा 0.05 रुपये लगान से कम उपखण्ड न किये जाएं। ऐसी स्थिति में कृषि भूमि को छोटे-छोटे टुकड़ो में बेचना उक्त नियमों के विपरीत है। ऐसे प्रकरण नगरीय क्षेत्रों से लगे हुये ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा हैं। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 61÷क÷ से 61÷छ÷ में कॉलोनी निर्माण से संबंधित प्रावधान दिये हुए हैं। जिसमें यह प्रावधान है कि यदि कोई व्यक्ति कृषि भूमि को बिना व्यपवर्तित किये तथा कॉलोनी निर्माण का बिना रजिस्ट्रीकरण कराये आवासीय प्रयोजन हेतु छोटे-छोटे टुकड़ो में विक्रय करता है तो उसका यह कृत्य अवैध कॉलोनी निर्माण की श्रेणी में आयेगा।

इस हेतु पंचायत राज अधिनियम की धारा ÷61- घ÷ में अवैध कॉलोनी निर्माण के लिए दाण्डिक प्रावधान रखे गये हैं। जिले के अलावा मुख्यालय में अवैध प्लाटिंग का कारोबार बेखौफ चल रहा है।

शासन-प्रशासन के सारे नियमों को परे रखकर यहां खेत खलिहान की आवासीय प्लाट के रूप में खरीदी बिक्री हो रही है। स्थिति यह है कि शहर के आसपास के इलाकों में रोज कहीं ना कही कॉलोनी का नक्शा खींचा जा रहा है। जिला मुख्यालय में निम्न जगहों पर कृषि भूमि को इसी तरह अंजाम दिया गया है। जिसके सहित आसपास के इलाकों में भी इन दिनों अवैध प्लाटिंग का कारोबार जोर-शोर से हो रहा है।

नगर पालिका गरियाबंद सहित अन्य नगरीय निकाय क्षेत्रों में बड़े स्तर पर अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। यहाँ बिल्डर रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) को दरकिनार कर प्लाट बेच रहे हैं जिसे संबंधित विभाग मुखदर्शन बना भूमि माफिआओं को संरक्षण दे रहे हैं। इसके चलते प्लाट खरीदने वाले लोग भविष्य में परेशानी में भी आ सकते हैं।

शहर व आसपास के गांव से लगे खेतों की बिक्री आवासीय प्लाट के रूप में बेधड़क हो रही है।

इन खेतों को प्लाटिंग करने वाले लोग पहले एक आधी सड़क तैयार करते हैं। इसके बाद वहां अपने तरीके से प्लाटिंग करते हैं।

कृषि योग्य भूमि को प्लाटक के रूप में विकसित कर खरीदी बिक्री के लिए नियमानुसार डायवर्सन करना पड़ता है,एक से अधिक प्लॉट काटने के बाद नियमानुसार (कॉलोनाइजर) एक्ट के तहत सभी फॉर्मेलिटी पूरी करने के बाद उसकी खरीदी बिक्री होनी चाहिए,लेकिन बिना पंजीयन के ही न केवल आवासीय कॉलोनी डेवलप हो रहे हैं। बल्कि खेत खलिहान का आवास के रूप में धड़ल्ले से अवैधानिक प्लाटिंग भी हो रही है। वहीं शहर में ऐसी कई कॉलोनियां हैं जिनके अवैध के मामले विभागों में अब भी वर्तमान में लंबित चल रहे हैं। छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के नियमानुसार किसी भी बिल्डर को जमीन की प्लाटिंग करने से पहले (रेरा) में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होता है। इसके अलावा प्लाट बेचने से पहले बिल्डर वहां जन सुविधाओं से जूड़ी चीजें जिसमें पानी निकासी के लिए नाली,पानी,सड़क,बिजली व सीवर,खेल मैदान आदि की सुविधा उपलब्ध करायेगा। मगर जिला मुख्यालय सहित अन्य नगरीय निकायों में अवैध प्लाटिंग का खेल जोरों पर चल रहा है। यहाँ कई एकड़ कृषि भूमि खेतों की अवैध प्लाटिंग कर खरीदारों को बेचा जा रहा है।

बेखौफहै भू-माफिया

जमीन दलालों के वायदे और झूठे बातों के फेर में फंसकर जमीन व मकान खरीदने वाले लोगों को बाद में खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। सैकड़ों लोग डायवर्सन व एनओसी के लिए महीनों से कलेक्ट्रोरेट व नगर पालिका दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं। भू माफिआओं के झांसे में आए लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी तरसना पड़ रहा है। इसके बावजूद जिले में तेजी से बढ़ रहे अवैधानिक प्लाटिंग का कारोबार जोरों पर चल रहा है।

निजी भूमि पर कॉलोनी का निर्माण के लिए यह है नियम

कॉलोनी बनाने से पहले लाइसेंस लेना पड़ता है। (कॉलोनाइजर) को संबंधित नगर पालिका से डायवर्सन के लिए एनओसी लेनी होती है। पार्क के लिए भूमि आरक्षित रखनी होती है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से भी कॉलोनी निर्माण के लिए अनुमति लेनी होती है। नगर निकाय में एक एकड़ से कम क्षेत्र में कॉलोनी बनाई जा रही है तो पालिका में वर्तमान रेट का 15ल आश्रय शुल्क जमा करना होता है। अगर एक एकड़ से ज्यादा जमीन है तो एयर डिस्टेंस दो किमी के भीतर ईडब्ल्यूएस बनाने के लिए जमीन छोड़नी होती है। किंतु कोई भी मामला भीतर ही भीतर निपटान कर दिया जाता है। और तो और कुछ लोग तो ऐसे भी हैं जो सामान्य वर्ग के होते हुए भी आदिवासी वर्ग के नाम पर इस तरह का गोरख धंधा चलाकर उनका शोषण कर रहे हैं। किंतु इस अंधेर नगरी चौपट राजा अंधेर नगरी में काला नियम चल रहा है जिसके चलते ही यहां इस कारोबार को बेखौफहोकर भी माफिआ संचालित कर रहे हैं।

न्यूज गैलरी

अनूठी पहल

कवर्धा। जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा,नपा अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, जिला पंचायत सी ई ओ विजय दयाराम के, एस पी शलभ कुमार सिन्हा, नपा उपाध्यक्ष जमील खान, डिप्टी कलेक्टर विनय कश्यप, सीएमएचओ डॉ शैलेन्द्र कुमार मंडल, जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ केशव ध्रुव समेत जिले के अनेक अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम ने आज नगर भ्रमण कर कन्टेन्टमेंट जोन घोषित क्षेत्रों का जायजा लिया।

सड़क हादसे में घायल बुजुर्गो को डायल 112 ने तत्काल अस्पताल पहुंचाकर बचायी जान

कवर्धा। दिनांक 08.04.2021 के सुबह समय लगभग 08:00 बजे डायल 112 कमाण्ड सेंटर रायपुर में सूचना प्राप्त हुई कि एन.एच. 53 मेमरा क्रॉसिंग के पास जिला कबीरधाम में मोटरसायकल टीव्हीएस सुपर एक्सल एवं ट्रक के एक्सीडेंट हो जाने पर मोटरसायकल चालक बुजुर्ग व्यक्ति मनबोध भोई उम्र 55 वर्ष साकिन लिमदरहा को गंभीर चोटे आयी थी तथा वह क्षतिग्रस्त मोटरसायकल के साथ ट्रक चक्के पर फँसा हुआ था।

मौके पर पहुँची डायल 112 टीम ने जनसहयोग से पीड़ित बुजुर्ग व्यक्ति को कड़ी मशक्कत कर बाहर निकाला। पीड़ित बुजुर्ग व्यक्ति का दॉया पैर टूट गया था एवं सिर पर गंभीर चोटे आयी थी जिससे बहुत ज्यादा खून बह रहा था। जिसे डायल 112 टीम ने उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिथौरा पहुँचाकर भर्ती करवाया। इस प्रकार सड़क दूर्घटना में घायल बुजुर्ग व्यक्ति को डायल 112 टीम द्वारा समय पर आपातकालीन सेवा प्रदान करने पर *पुलिस अधीक्षक (डायल 112) धर्मेन्द्र सिंह* ने उनके इस कार्य की सराहना करते हुए पुरूस्कृत करने की घोषणा की।

चार दिनों का कोविड-19 वैक्सीन कार्यक्रम उप स्वास्थ्य केंद्र कोटगांव रखा गया

गुंडरदेही। गुंडरदेही विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटगांव मैं आज तीन दिवसीय कोरोना वैक्सीन सेंटर का शुभारंभ किया गया जो 1 से चार दिनों का शिविर लगाया गया जो आज 1/ 4 /21 को तो था दूसरा डोज 02 /4 /21 तीसरा 04/ 4 21 और 08/4/21 को संपन्न हुआ अभी तक लगभग टीकाकरण मैं 5 पंचायतों के ग्रामीणों का आगमन हुआ जिसमें 45 से 80 वर्ष के बुजुर्ग लोगों ने बढ़ चढ़कर कॉविड वैक्सीन टीकाकरण लगवाया जिसमें लगभग आज आसपास के 5 पंचायतों के ग्रामीणों का आना हुआ 1/ 04 /21 से 2/04/21 से 4/04/21 से 8/04/21 4 दिनों के शिविर में सभी डोज लगाया गया जिस में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जिनकी भूमिका रही अनामिका साहू ६द्ध.श. कोटगांव डीवलाल देशमुख ऋद्ध.श. श्रीमती किरण साहू ऋद्ध.श. कोटगांव सीमा ठाकुर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुष्यंत पटेल शिक्षक लीलावती जी का चंद्रिका साहू मितानिन कोटगांव ममता साहू मितानिन योगेंद्र देशमुख प्रबंधक कोटगांव दिनेश देशमुख कोटगांव देवेंद्र कुमार साहू युवा पंच कोटगांव सेवती साहू मितान इन कोटगांव यामिनी साहू मितानिन कोटगांव इतने लोगों की उपस्थिति उप स्वास्थ्य केंद्र कोटगांव गांव में रही

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर ग्राम गंजईपूरी में बांटे गए मास्क व सेनेटाइजर

गरियाबंद। लगातार बढ़ते कोरोना के संकट से संघर्ष करने ग्राम गंजईपूरी में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सरपंच रविन्द्र कुमार ध्रुव के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम के पंचगण ने गांव में 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को कोविड (19) का टीका लगाने जागरूक किया गया। साथ ही सरपंच द्वारा ग्रामीणों से अपील किया गया कि कोरोना महामारी के बढ़ते हालात से हमें खुद निपटना होगा इसके लिए सभी शासन प्रशासन द्वारा जारी किए गए सभी निर्देशों का पालन करते हुए नियमित मास्क पहने साथ ही समय समय पर सेनेटाइजर या साबुन से हाथ धोते रहें। इसी के साथ घरों घर जाकर मास्क तथा सैनिटाइजर का वितरण करते हुए यह अभियान चलाया गया। जिसमे ग्राम के वरिष्ठजन के साथ पंचगण तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका शामिल रहे

अनुपस्थित अधिकारी को किया वेतन भुगतान जिला खाद्य अधिकारी का एक और कारनामा

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिला खाद्य शाखा में भ्रष्टाचार का अंतहीन सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। पिछले कुछ अर्से से जिले का खाद्य विभाग लगातार विवादों और सुर्खियों में रहा है, फिर चाहे वो जिले के फिंगेश्वर व छुरा ब्लॉक में पीडीएस के राशन की हेराफेरी का मामला हो या नवीन राशनकार्डस के लिये पैसे लेने का मामला।

ताजातरीन मामला अनुपस्थित खाद्य निरीक्षक के वेतन भुगतान को लेकर है, इस मामले में जिले के नागरिक किरीट ठक्कर द्वारा कलेक्टर गरियाबंद एवं संचनालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण की ओर लिखित शिकायत प्रेषित की गई थी। शिकायत के अनुसार जिला खाद्य अधिकारी द्वारा 11 नवम्बर 2019 को एक आदेश जारी कर खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार जैन की ड्यूटी विकासखंड मैनपुर में लगाई गई थी, किन्तु अनिल कुमार जैन ने तत्कालीन एसडीएम कार्यालय देवभोग में दिसम्बर 2019 तक अपनी उपस्थिति ही नहीं दी एवं बिना पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहे, बावजूद इसके जिला खाद्य अधिकारी ने खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार जैन का माह नवम्बर 2019 का वेतन व अन्य भुगतान कर दिया। जब शासकीय कर्मी अपने कार्य पर उपस्थित ही नहीं रहे, तब उनका वेतन भुगतान किस आधार पर किया गया।

किरीट ठक्कर ने बताया कि शिकायत किये चार माह हो चुके हैं, इस बीच जनवरी में पुनः स्मरण पत्र कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया, संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण नवा रायपुर द्वारा भी कलेक्टर गरियाबंद को शिकायत तथ्यों की जांच व कार्यवाही कराकर, प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने लेख किया गया, किंतु जांच तथा अन्य कार्यवाही अब तक शून्य है।

विदित हो कि अनुपस्थित खाद्य निरीक्षक को वेतन भुगतान करने की शिकायत जिला खाद्य अधिकारी के विरुद्ध की गई थी तथापि कार्यालय कलेक्टर शिकायत शाखा गरियाबंद द्वारा जारी ज्ञापन 29 जनवरी 2021के अनुसार उक्त संबंध में शिकायत पत्र की मूल प्रति नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रभारी अधिकारी खाद्य शाखा जिला कार्यालय गरियाबंद की ओर प्रेषित कर दी गई है। खाद्य शाखा के प्रभारी अधिकारी एवं अपर कलेक्टर जे आर चौरसिया ने मोबाइल पर हुई चर्चा में कहा कि फिलहाल मेरी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के कारण ,मैं होम क्वोरेंटाइन हूँ। ऑफिस ज्वाइन करने के बाद इस मामले में कुछ कह सकूंगा।

लू और संक्रमण बीमारियां से बचाव के जरूरी उपाय अपनाए: कलेक्टर शर्मा

- **लू से बचाव करना जरूरी : लू से बचाव एवं प्रबंधन के लिए दिशा निर्देश**

कवर्धा। इस साल भीषण गर्मी की संभावना को देखते हुए लू से बचाव, प्रबंधन करने के साथ-साथ अन्य मौसमी बीमारियों और संक्रमण बीमारियों से बचाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई है। कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा ने इस वर्ष भीषण गर्मी और धूप की वजह से लगने वाले लू से बचने लू से बचने के जरूरी उपाय अपनाने के लिए आमजनों से अपील की है। कलेक्टर ने लू से बचाव एवं प्रबंधन के लिए रोकथाम-आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए भी दिए है।

कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले में प्रतिदिन लू से प्रभावितों की जानकारी राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा कलेक्टरों को अपने जिलों में लू से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

गर्मी के इस मौसम में तापमान और बढ़ने की संभावना है। गर्मी के मौसम में लोगों को लू से प्रभावित होने की संभावना रहती है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर पर के विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिसके कारण शरीर का तापमान अनियंत्रित हो जाता हैं। शरीर की जैविक क्रियाओं को प्रभावित करता हैं। इस स्थिति को लू लगना (हीट स्ट्रोक) के नाम से जाना जाता है। जिसके कारण लू लगने की अधिक संभावना होती है।

जरूरतमंद बच्चों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने मोहल्लों में जाकर लोगां को कर रहे जागरूक

कवर्धा। बाल संरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत कवर्धा पण्डरिया, पाण्डातराई के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगो के बीच जाकर बाल अधिकार संरक्षण के लिए लोगो को जागरूक करने तथा देखरेख एवं संरक्षण की जरूरत मंद बच्चों को समाज के मुख्यधारा में जोड़ने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा कोरोना गाईडलाईन का पालन करते हुए एकीकृत बाल संरक्षण योजना, किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 लैगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं विशेषीकृत दत्तक ग्रहण विनियम की विस्तृत जानकारी दी गई। लोगो को जागरूक करते हुए देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे जैसे अनाथ बेसहारा एकल अभिभववक जिनका पालन पोषण नहीं हो पा रहा हो ऐसे बच्चों की भी जानकारी लिया जा रहा है ऐसे बच्चें मिलने पर उनके सर्वोत्तहित के लिए बाल कल्याण समिति में पेष कर उनको बालगृह बालिकागृह व दत्तक ग्रहण अभिकरण में संरक्षण देते हुए पुर्नवास की कार्यवाही की जाती है।

सप्ताहिक हाट बाजार पर रोक

गरियाबंद। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुये गरियाबंद अनुविभाग के साप्ताहिक हाट बाजार लगाने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद भुपेन्द्र कुमार साहू द्वारा रोक लगा दी गई है।जिले मे धारा 144 प्रभावशील हैं इस सूरत में और कोविड 19 के जिले में प्रसार को रोकने यह आदेश तत्काल प्रभावशील कर दिया गया हैं।

महिला सेल द्वारा महिला तथा बालिकाओं की सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया गया

कवर्धा। महिलाओं पर हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाने कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा महिला सेल पुलिस टीम को जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर महिलाओं, विद्यालय तथा महाविद्यालय की छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराने, साइबर ठगों से बचने, तथा कोविड-19 कोरोनावायरस महामारी से बचाओ के उपाय की जानकारी देकर जागरूक करने निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक - 07/04/2021 को महिला सेल प्रभारी निरीक्षक श्रीमती रमा कोष्टि के द्वारा थाना पंडरिया थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक श्री के के वासनिक के द्वारा महाविद्यालय की छात्रों तथा एनसीसी एवं स्काउट के छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों की पूर्ण जानकारी प्रदान करने हेतु महिला सेल प्रभारी निरीक्षक श्रीमती रमा कोष्टि को आमंत्रित किया गया जिनके द्वारा छात्राओं को महिलाओं तथा बालिकाओं के अधिकारों की जानकारी दी गई। जिसमें महिलाओं को दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013, छत्तीसगढ़ टोन्ही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005, की जानकारी के साथ ही इन अधिनियम में दिए गए सजा के प्रावधानों से भी छात्राओं एवं एनसीसी/स्काउट की छात्राओं को अवगत कराया गया। साथ ही साइबर अपराधों से बचने थाना प्रभारी पंडरिया श्री के.के. वासनिक के द्वारा छात्राओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया, तथा कोरोनावायरस कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी साझा किया गया, 45 वर्ष से अधिक उम्र के समस्त महिला पुरुषों को कोविड-19 का टीका लगाने प्रेरित करें मास्क का उपयोग अवश्य करें, सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखें हाथों को बार-बार साबुन से धोएं यदि घर के बाहर जाते हैं तो सेनीटाइजर का इस्तेमाल करने तथा आम जनों को भी कोरोनावायरस से बचाव के उपाय साझा करने अपील की गई। जिसके पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं एवं एनसीसी/ स्काउट के कैडेट छात्राओं को अभिव्यक्ति महिलाओं से संबंधित कानूनी अधिकारों की जानकारी हेतु अभिव्यक्ति पत्रिका का वितरण किया गया।

सप्ताहिक बाजार बंद का दिखा ग्रामीण क्षेत्र में खासा असर

सब्जी को लेकर लोग हुए परेशान तो सूचना के अभाव में प्रतिबंध के बाद भी लगी कुछ जगह पर सब्जी के स्टाल

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। जिला प्रशासन द्वारा कोरोना गाइडलाइंस के पालन में सख्ती बरतने के लिए अब जिले भर में साप्ताहिक बाजार पर भी प्रतिबंध लगाया गया है बालोद शहर में वैसे तो मूल रूप से साप्ताहिक बाजार रविवार और बुधवार को लगता था बाकी दिन भी छिटपुट सब्जी की दुकान लगी रहती है पर सप्ताहिक बाजार पर प्रतिबंध के इस नए आदेश से खासतौर से ग्रामीण क्षेत्र में प्रभाव पड़ा है जहां दूसरे दिन ही ग्रामीणों को सब्जी को लेकर भटकते देखा गया पिछले लॉकडाउन की तरह अभी गली में घूम घूम कर सब्जी बेचने से संबंधित कोई आदेश जारी नहीं हुआ है जिसके चलते सब्जी विक्रेता असमंजस में है कि आगे क्या व्यवस्था बनेगी और वे शासन प्रशासन के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। जहां-जहां भी गुरुवार को साप्ताहिक बाजार रहता था वहां आज सुबह ही पंचायत प्रशासन द्वारा मुनादी करवा दी गई थी कुछ ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच ने बताया कि मुनादी कराई गई थी कि जिला प्रशासन के आदेश के मुताबिक बाजार नहीं लगेंगे जिन्हें सूचना प्राप्त नहीं हुई थी ऐसे कुछ विक्रेता दोपहर को सब्जी पसरा लगाने के लिए पहुंच गए थे जिन्हें पंचायत द्वारा मना किया गया और वह लौट गए मजबूरीवश एक्का दुक्का पसरा वाले शाम 4 बजे बाजार पसरा पर बैठे रहे। सब्जी खरीदारी करने के लिए कुछ ग्राहक पहुंचते रहे। ऐसी स्थिति अमूमन हर ग्रामीण क्षेत्र में रही जहां गुरुवार को सप्ताहिक बाजार का दिन था।

होनी चाहिए सब्जी की व्यवस्थाः प्रशासन द्वारा जारी आदेश से खासकर ग्रामीण क्षेत्र में प्रभाव पड़ा है और उससे परेशानी भी शुरू हो गई है तो वहीं ग्रामीणों का यह भी कहना है कि शासन प्रशासन द्वारा कम से कम सब्जी बाजार को लेकर एक निर्धारित समय तक छूट दिया जाना चाहिए ताकि सब्जी जो जरूरत की चीज होती है वह कम से कम बाजार के दिन खरीद सके या यह होना चाहिए कि सब्जी बाजार लगे और वहां सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए दूर-दूर में पसरा लगाया जाए ताकि लोग जरूरत की सब्जियां भी खरीद सके फिलहाल अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था या आदेश जारी नहीं हुआ है।

लोग खरीद रहे ज्यादा सब्जियां

जिस तरह से प्रशासन द्वारा सख्ती बरती जा रही है तो वहीं जिले में जिस तेजी से कोरोना रफ्तार पकड़ी है उससे लोगों को लॉकडाउन का डर व आशंका होने लगी है और इस आशंका वश लोग अब अधिक मात्रा में सब्जी व अन्य सामानों का स्टॉक करने लगे हैं। जैसा पहले कोरोना काल के दौरान होता था लोगों को इस बात की चिंता है कि आने वाले दिनों में सब्जी महंगी ना हो जाए तो राशन भी इकट्ठा करने के लिए लगे हुए हैं। जिसे देखते हुए दुकानों में भीड़ भी देखी जा रही है हालांकि प्रशासन द्वारा जो जरूरी खाद्य सामग्री हैं उनकी दुकानों को खोलने की छूट भी दी गई है पर लोगों में सब्र नजर नहीं आ रहे हैं और पिछले साल के लॉकडाउन की तरह इस साल भी लॉक डाउन के आसार को बनते देख लोग गड़बड़ी कर रहे हैं और सब्जी सहित राशन की खरीदी कर रहे हैं तो वहीं बिचौलिए इस बात का भी फायदा उठाने की कोशिश कर रहें, लोगों को लॉकडाउन का डर दिखाकर कुछ-कुछ सामानों के दाम अभी से बढ़ाए जा रहे हैं जो सामग्री जल्दी खराब हो जाती है यानी जिन्हें दो-तीन दिन में ही पकाना रहता है ऐसे सब्जियों के दाम बढ़ाकर भी बेचा जा रहा है।

धारा 144 में भागवत कथा, संक्रमित रोज आता था सुनने, हो गई मौत

खरोरा के अड़सेना में सरपंच तेजराम पाल पर राजनीतिक संरक्षण में कथा कराने का आरोप, प्रशासन कार्रवाई की तैयारी में, जांच जारी

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। समीपस्थ गांव अड़सेना में 26 मार्च से 3 अप्रैल तक सरपंच तेजराम पाल के घर पर भागवत का आयोजन किया गया और एक कोरोना पॉजिटिव मरीज लगातार कथा सुनने आता रहा। इस दौरान गांव में धारा 144 भी प्रभावशील थी। यहां तक कि गांव वालों और सरपंच को भी इसकी जानकारी थी पर वे उसे रोक नहीं सकते थे क्योंकि सरपंच और कोरोना मरीज को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था। 5 अप्रैल को इस कोरोना मरीज की मौत भी हो गई पर इस बीच वह कई लोगों में संक्रमण फैला गया क्योंकि भागवत कथा में रोज सैकड़ों की तादात में लोग मौजूद रहते थे।

कोरोना पेशेंट ने खरोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना टेस्ट कराया था जिसमें उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी।

5 अप्रैल को उसकी तबीयत खराब होने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद खरोरा पुलिस को जानकारी मिलने पर उसने अपने सामने उसका क्रियाकर्म गांव के ही श्मशान घाट पर कराया। गांव वालों का कहना है कि गांव के सभी लोगों का, जो उस व्यक्ति के संपर्क में आए हैं, उनका मुनादी कराकर कोरोना टेस्ट कराया जाए और मामले में दोषी लोगों तथा राजनीतिक संरक्षण देने वाले पर भी कानूनी कार्रवाई की जाए।

गांव के अधिकांश लोगों ने बताया कि संबंधित कोरोना मरीज भागवत में रोजाना जाता था। गांव वालों का कहना है कि गांव के मुखिया सरपंच तेजराम पाल ने कलेक्टर के आदेश के अवहेलना की व अपने पद का दुरुपयोग भी किया। किसी आम व्यक्ति को ऐसा करने की बड़ी सजा मिलती तो क्या सरपंच होने या उसे राजनीतिक संरक्षण होने मात्र से उसे नियमों का माखौल उड़ाने और जनता के स्वास्थ से खिलवाड़ करने का अधिकार कैसे मिल गया?

धारा 144 के उल्लंघन की कार्रवाई करेंगे : तहसीलदार

मामले में नायब तहसीलदार नंदकिशोर सिन्हा ने कहा कि जांच जारी है, भागवत करवाने वाले व इसमें शामिल सभी लोगों पर धारा 188 के उल्लंघन की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी नितेश सिंह ठाकुर ने कहा कि धारा 188 के तहत कार्रवाई का आदेश तहसीलदार से आएगा उसके बाद कार्रवाई की जाएगी, अभी जांच जारी है ।

गांव वालों ने बताया-रोज कथा सुनने आता था कोरोना मरीज

मामले में सरपंच तेजराम पाल का कहना है कि भागवत उनके परिवार के सदस्यों द्वारा कराई गई थी, वह भागवत में सिर्फपूजा करने जाता था। उन्होंने कहा कि भागवत में 5-6 लोग से ज्यादा लोग नहीं रहते थे जबकि गांव की महिला कोटवार रागिनी चौहान ने बताया कि भागवत होने से पहले उन्होंने सरपंच तेजराम पाल से बात की थी तो कहा था कि उन्होंने तहसीलदार से बात कर ली है। उन्होंने बताया कि भागवत में बहुत ज्यादा भीड़ थी जिसके बाद भी उनकी बात किसी ने नहीं सुनी। उन्होंने बताया कि गांव के कई लोगों ने उन्हें बताया कि कोविड 19 से मरने वाला व्यक्ति रोज भागवत कथा सुनने जाता था। लगभग गांव के हर दूसरे व्यक्ति ने कथा इस दौरान सुनी है और इस कोरोना मरीज को भी वहां बैठे देखा है।

कन्हर नदी सूखने के कगार पर

गेट खराब होने से निकल रहा पानी

जल संसाधन विभाग एनीकट के अधूरे निर्माण में लगा दिया 9 करोड रुपए

नवप्रदेश संवाददाता

रामानुजगंज। जल संसाधन विभाग का भ्रष्टाचार फिर एक बार फिर नगर की 25 हजार की आबादी को रुलाएगा। कन्हर नदी सूखने के कगार पर आ गया है वहीं एनीकट के सभी गेट के बंद होने के बाद भी गेट के खराब होने कारण लगातार पानी निकल रहा है जिस कारण सप्ताह दिन के अंदर एनीकट भी सूख जाएगा। जल संसाधन विभाग 9 करोड रुपए एनीकट के अधूरे निर्माण में लगा दिया है वही कुछ हजार रुपए खर्च करके एनीकट के चाहे तो गेट दरवाजा ठीक करा सकता है। परंतु विभाग के लोग इसे देखने तक की जहमत नहीं उठा पा रहे हैं तो मरम्मत करवाने के बारे में सोचना भी बेमानी सिद्ध होगी।

विभाग के अधिकारियों को नहीं है देखने की फुर्सत

एक ओर एनीकट के नाम पर करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार जल संसाधन विभाग के द्वारा कर दिया गया वहीं अब ऐसी स्थिति आ गई है कि एनीकट का गेट न समय पर बंद होता है ना खुलता है यहां तक कि क्षतिग्रस्त एनीकट को देखने तक की जहमत विभाग के अधिकारी नहीं उठा पा रहे हैं ऐसे में एनीकट में सुधार किये जाने की सोचना भी बेमानी साबित होगी।

अधूरा एनीकट बनने के बाद ही गेट है खराब

एनीकट का निर्माण जहां आज तक पूर्ण नहीं हो पाया वही एनीकट बनने के साथ ही इसके सभी गेट खराब थे जिस कारण पानी एनीकट के गेट बंद हो जाने के बाद भी निकलते रहते थे जो आज तक नहीं बन पाए जिसका एक बार फिर खामियाजा पूरे नगर को भुगतना पड़ेगा।

गौरतलब है कि नगर में उत्पन्न होने वाले भीषण जल संकट से उबारने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा एनीकट का निर्माण कन्हर में कराया गया परंतु एनीकट की जब ऊंचाई 3 मीटर थी तब लागत 5 करोड 59 लाख रुपए थे परंतु आधा मीटर ऊंचाई घटाने के बाद भी लागत घटने की जगह 9 करोड़ रुपए हो गए यहां तक कि निर्माण भी पूर्ण नहीं हुआ और राशि भी निकल गई। अधूरा निर्माण के बाद कई बार एनीकट क्षतिग्रस्त भी हो गया परंतु विभाग मरम्मत तक नहीं करवा रहा है एक बार फिर अब एनीकट का भ्रष्टाचार नगर की 25 हज़ार आबादी को रुलाएगा क्योंकि कन्हर नदी पूर्णता सूखने के कगार पर आ गया है वहीं एनीकट के सभी गेट बंद होने के बाद भी लगातार पानी निकल रहा है जिससे आने वाले 1 सप्ताह के अंदर एनीकट भी सूख जाएगा जिससे नगर की जल प्रदाय व्यवस्था चरमरा जाएगी क्योंकि नगर में नियमित जल प्रदाय कन्हर नदी पर ही आश्रित है।

नगर पंचायत है चिंतित अभी से पानी सप्लाई हुआ कम: नदी के सूखने एवं एनीकट के भी जवाब देने की स्थिति में नगर पंचायत की जल प्रदाय व्यवस्था चरमराना अभी से शुरु हो गई है। नियमित जल प्रदाय व्यवस्था नगर पंचायत की प्रभावित हो ही रही है वही आने वाले समय में और स्थिति बदतर होगी।

न जांच न कार्यवाही कैसे रुकेगा भ्रष्टाचार

कन्हर एनीकट का निर्माण आज तक पूरा नहीं हुआ वहीं 9 करोड रुपए ठेकेदार एवं विभाग की मिलीभगत से निकाल दिए गए परंतु आज तक ना ढंग से जांच हुई ना इस पर कार्यवाही हुई तो ऐसे में भ्रष्टाचार पर लगाम कैसे लगेगा। जब शहर में जल संसाधन विभाग के निर्माण का ऐसा हाल है तो ग्रामीण क्षेत्रों में क्या स्थिति होती होगी समझा जा सकता है।

ममता के निधन पर मुख्यमंत्री बघेल ने जताया दुख

गरियाबंद। महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ममता राठौर के निधन पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुःख व्यक्त किया है। मंगलवार देर रात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रीमती राठौर के परिजनों से दूरभाष में चर्चा कर उनका ढाढस बांधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमती राठौर का निधन कांग्रेस परिवार के अपूरणीय क्षति है, वह एक एक स च्चा

कांग्रेस योद्धा थी जो हमेशा कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित रही। कांग्रेस को मजबूत करने पूरी कर्मठता के साथ अपनी सेवा दी। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीमती राठौर के निधन से वे काफी दुःखी है, परंतु विधि के विधान के आगे सब नतमस्तक हैं। मेरी संवेदना पूरे परिवार के साथ है। ज्ञात हो कि असम चुनाव प्रचार से लौटने के बाद श्रीमती राठौर के स्वास्थ्य मे लगातार गिरावट आ रही थी, मंगलवार को सांस लेने में तकलीफ होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। श्रीमती राठौर के निधन की सूचना मिलने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने एक विज्ञप्ति जारी कांग्रेस की ओर से दुख व्यक्त किया था, जिसके बाद देर रात प्रदेश महामंत्री गिरीश देवांगन और जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू ने मुख्यमंत्री बघेल की चर्चा श्रीमति राठौर के पति एवं कांग्रेस के जिला कोषाध्यक्ष ओम राठौर से कराई।

आरटीपीसीआर से पकड़ में नहीं आ रहा वायरस

- 80% केस ए-सिम्प्टोमैटिक, सिटी स्कैन में मिल रहा फेफड़ो में संक्रमण
- 10 दिनों में तीन गुना हुए केसइस साल पहली बार सेकड़ो के पार आंकड़ा
- खरोरा में सबसे ज्यादा, केशला, भी पीछे नही

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। परिक्षेत्र में कोरोना सुपर एक्टिव मोड़ में पहुंच गया है । 10 दिनों में आंकड़े इस साल के मुकाबले तीन गुना बढ़े संक्रमित । 3 माह में 70 मरीज मिले थे , अब 10 दिन में 224 10 दिन पहले यानी 27 मार्च तक खरोरा परिछेत्र में 70 कोरोना संक्रमित जनवरी, फरवरी, मार्च के 27 दिन मिलाकर हुए थे वही 10 दिनों में यह आंकड़ा 224 के पार पहुंचा । वही परिछेत्र में अभी तक कोरोना से 7 लोगो की मौत हो चुकी है ।

वही सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि कोरोना की दूसरी लहर मेंआर टी पी सी आर रिपोर्ट नेगेटिव आ रही है । खरोरा परिछेत्र में 35 लोग ऐसे है जिनकी कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आयी है जबकि सी टी स्कैन में लंग्स इंफेक्शन सामने आ रहा है । यानी मरीज को कोरोना तो है पर रिपोर्ट में वह सामने नही आ पा रहा ।

परिक्षेत्र में लगभग 80 प्रतिशत केस ए- सिम्प्टोमैटिक है । यानी कई लोगो मे सामान्य गले मे खराश, हाथ पांव में दर्द के लक्षण है । ए सिम्प्टोमैटिक कोरोना संक्रमित व्यक्ति ही सबसे ज्यादा कोरोना फैला रहा । वही RTPCR में नेगेटिव आने से व लक्षण न दिखने से यह सबसे बड़ी मुशिकल है कि कोरोना है यह कैसे पता चलेगा ।

कोरोना टेस्ट के साथ सीटी स्कैन जरूर कराएं

वही डॉ अशोक त्रिपाठी ने बताया कि जब आपको बुख़ार, आता है तो आप पेरासिटामोल की टैबलेट ले लेते है इससे बुख़ार तो ठीक हो जाता है हो सकता है आपको कोरोना हो जिससे उस समय तो आपकी तबियत ठीक हो जाती है ,और वो ईनफेक्शन नाक के बाद गले से होकर छाती में चला जाता है इसलिए RTPCR या एंटीजन टेस्ट में भी बहुत से लोगो का नेगेटिव रहता है पर वह व्यक्ति कोरोना संक्रमित है इसलिए कोरोना टेस्ट कराने के साथ सी टी स्कैन जरूर कराए। वही ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर आशीष सिन्हा ने बताया कि जब आपको थोड़ा सा भी खराश हो या कुछ लगे तो कोरोना टेस्ट तुरंत करावे व सी टी स्कैन भी कराये । जितना भी हो सके मास्क का उपयोग करे।

सेल्फी का शौक पड़ा भारी, डायल 112 की टीम ने तीन दोस्तों की बचाई जान

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा । कटघोरा के बांगो में सेल्फी का शौक एक बार फिर भारी पड़ गया. सेल्फी के चक्कर में तीन दोस्तों की जान पर बन आई.जलस्तर कम होने की स्थिती में तीनों युवक बीच नदी में सेल्फी ले रहे थे,की अचानक पानी का स्तर बढ़ा और तीनों युवक फंस गए। समय रहते एक युवकने डायल 112 को सूचना दे दी जिसके बाद 112 की टीम ने पुलिस ने तीनो को काफी मुश्किल से बाहर निकाला.

समय पर डायल 112 की सहायता नहीं मिलती तो कटघोरा जेल बस्ती में रहने वाले तीन युवकों शुभम यादव पिता झारी राम उम्र 19 वर्ष, प्रभात पिता राधेश्याम वैष्णव उम्र 19 वर्ष, राजा जायसवाल पिता गुलाब जायसवाल उम्र 18 वर्ष ,की जान सांसत में फंस सकती थी। रोमांच के चक्कर में तीनों ने अपनी जान दांव पर लगा दी। लेकिन समय रहते मदद मिल जाने से तीनों सुरक्षित बच गए। दरअसल तीनों युवक बांगो बांध घूमने के लिए गए हुए थे। जलस्तर कम होने की स्थिती में तीनों नदी के बीच जाकर सेल्फी लेने लगे। इस दौरान 120 मेगावॉट बिजली उत्पादन का काम अचानक शुरु होने से पानी का लेवल बढ़ गया और तीनों पानी से घिर गए। इस बीच किसी ने डायल 112 को सूचित किया जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और रस्सी से खींचकर तीनों की जान बचा ली। इस दौरान किसी को किसी तरह की चोट नहीं लगी। जान बच जाने के बाद तीनों युवकों ने 112 पुलिस की टीम को साधूवाद दिया।

27 वर्षीय दुर्गा को सांस में हुई तकलीफ मौत, कोरोना टेस्ट रिपोर्ट भी आई पाजिटिव

- होली के बाद से अब तक आंकड़ा 120 पार हालत गंभीर

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। लगातार बिगड़ते हालात के बीच परसो गंडई नगर में कोरोना को लेकर एक दुःखद खबर सामने आया है। गंडई टिकरीपारा निवासी एक 27 साल की जवान लड़की दुर्गा मंडावी पिता तीरथ मंडावी उम्र 27 वार्ड 13 निवासी का कोरोना से मौत हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लड़की तकरीबन तीन चार दिन से सर्दी.खासी से ग्रषित थी जहाँ गंडई के किसी प्राइवेट डॉक्टर के पास उनका प्राथमिक उपचार चल रहा था परसो अचानक उनको स्वास लेने में तकलीफ ज्यादा होने पर शासकीय हास्पिटल गंडई लाया गया तब तक वो मृत हो चुकी थी तत्काल उनका कोरोना एंटीजेन टेस्ट किया गया जहाँ रिपोर्ट भीपाजीटिव पाया गाया है। कोरोना पोटोकाल के तहत उनका अंतिम संस्कार करने की जानकारी मिली है। लड़की दुर्गा मंडावी आदिवासी परिवार से थी और वह काफी पड़ी लिखी थी वही होली त्यौहार के बाद से महज हप्ते भर में कोरोना रिपोर्ट 398 टोटल टेस्ट में 120 लोग पाजेटिव मिले है जो की आंकड़ा बहुत गम्भीर और डरावनी है। लगातार शासन.प्रशासन लोगो को कोरोना के प्रति जागरूक रहने की अपील कर रहे है मगर अभी भी लोग इसके प्रति गम्भीर नही है। सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक दुकान खोलने की अनुमति तो है लेकिन पूरा मार्केट बन्द होने के बावजूद लोग सड़कों पर घूमना.फिरना कम नही कर रहे। मास्क के प्रति भी लोग गम्भीर नही है। यही स्थिति रहा तो हालात को काबू कर पाना बहुत मुश्किल हो जाएगाऔर अस्पतालों में मरीजो के लिए कोई जगह नही रहेगा।

गंडई स्वास्थ केंद्र में पदस्थसहायक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रशांत सोनी का कहना है कि कोरोना के प्रति लोगो को जागरूक रहने की सख्त जरूरत है ये दूसरे चरण का कोरोना पहले से कही ज्यादा घातक है। सर्दी.खासीए बुखार होने पर लोग तत्काल कोरोना टेस्ट करवाये समय रहते टेस्ट करवाने पर ही डॉक्टर कुछ कर सकते है। लोग डर और झिझक से कोरोना टेस्ट को लेकर गम्भीर नही है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वेक्सीनेशन के लिए लग रहे भीड़

- लोगों में कोरोनावायरस के संबंध में टीका लगाने में जागरूकता बढ़ाने

भटगांव। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव में बढ़ते कोरोना के आंकड़ों ने जहाँ लोगों की नींदे हराम कर रही हैं , तो वहीं अब लोग कोरोना के संक्रमण से बचने वेक्सीन लगवाने जागरूक होते नजर आ रहे हैं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव में पिछले बार की अपेक्षा इस बार वेक्सीन लगवाने में लोगों का जागरूकता देखने को मिल रही है, पिछले बार जागरूकता के आभाव में वेक्सीन लगवाने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव नहीं पहुँच पा रहे थे ।लेकिन अब लोग स्वतः आसपास के ग्रामीण इलाको सहित नगर के लोग भारी संख्या में वेक्सीन लगवाने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँच रहे है और अपनी बारी का इंतजार कर स्वास्थ्य केंद्र के बाहर बैठे हैं।

> वैक्सीन लगवाने में कोई प्रकार परेशानियां नहीं हो रहा है। अच्छा व्यवस्था है। सभी से अपील है कि कोरोना का टीका लगवाये।
>
> **नारायण प्रसाद देवांगन- नगरवासी**
>
> प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में वेक्सीनेशन के लिए अच्छा है
>
> **रथ राम देवागन- नगरवासी**